चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 273, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 03 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों को भी अब पारिवारिक यात्रा पर दिया जाएगा पास

**लखनऊ**

रोडवेज की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने वाली योगी सरकार रोडवेज बसों में अब परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों को भी पारिवारिक यात्रा के लिए पास की सुविधा उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार का मानना है कि परिवहन निगम व इसके कर्मचारी संकट के साथी हैं, इसलिए इन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात कार्मिकों व संविदा पर कार्यरत निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। योगी सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी दौड़ गई। 18 अक्टूबर को परिवहन निगम के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई निदेशक मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। जिसका पत्र जारी कर इसे संस्तुति दे दी गई।

**एक वर्ष में पांच पारिवारिक यात्रा पास का मिलेगा लाभ**

उप्र परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (विविध) मनोज कुमार के मुताबिक परिवहन निगम में कार्यरत कर्मचारियों को एक वर्ष में पांच बार पारिवारिक यात्रा पास का लाभ मिलेगा। इसमें दो निःशुल्क पारिवारिक यात्रा पास व तीन पीटीओ (प्रिविलेज टिकट ऑर्डर) पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा दिए जाने का निर्देश प्रदान किया गया है। उप्र परिवहन निगम में सीधे अनुबंध के आधार पर कार्यरत चालकों-परिचालकों व कार्यशाला में सीधे निगम से आबद्ध कार्यरत कार्मिकों को नियमित कार्मिकों की भांति यह सुविधा मिलेगी।

## दिवाली के पहले देश के सराफा बाजारों में सुस्त कारोबार

**नई दिल्ली**

देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 61,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। पूरे देश में से सिर्फ चेन्नई में ही सोने की कीमत 62 हजार रुपये से ऊपर रही। इसके अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 62 हजार के स्तर से नीचे ही बिकता रहा।

# 'कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा'

## जहां कांग्रेस, वहां विकास नहीं हो सकता: प्रधानमंत्री, गोविंदपुर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को मोदी ने किया संबोधित

**कांकेर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के समर्थन में जो आंधी चल रही है, वह कांकेर में भी दिख रही है। भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ के लोगों को सशक्त कर छत्तीसगढ़ को देश के समृद्ध राज्यों में लाने का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा है, जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता।


प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के गोविंदपुर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि तीस टका कका, आपका काम पक्का वाली सरकार को बाहर करना है। आपने बीते पांच वर्ष में कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी है, इन वर्षों में कांग्रेस के नेताओं की कोठियां, उनके बंगले, उनकी कारें, इन्हीं का विकास हुआ है। कांग्रेस के नेताओं के बच्चों और उनेक रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ। कांकेर के, बस्तर के गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों को क्या मिला? छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दी हैं। मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है। गरीब का कल्याण, आदिवासी का कल्याण, इसलिए हमने पक्के मकान की योजना बनाई। अभी तक देशभर में चार करोड़ से अधिक लोगों को पक्का मकान मिल चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार अड़ंगा डाल रही है। मैं आज आपको वादा करता हूं, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री आवास के काम को और तेज किया जाएगा। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बीते सालों में जन औषधि केंद्र खोले हैं, ताकि गरीब को सस्ती दवाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि गंगाजी की झूठी कसम कांग्रेस के लोग ही खा सकते हैं।



### 'बीते पांच साल में सभी ने कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी'

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि बीते पांच साल में सभी ने कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी है। इन पांच सालों में कांग्रेसियों के बंगले, कारें और कोठियों का विकास हुआ है। इन पांच सालों में कांग्रेसियों के बच्चों और रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ है। कांकेर और बस्तर के गरीब, आदिवासी, पिछड़े परिवारों को क्या मिला? छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दी हैं। कांग्रेस ने आप लोगों को बीमार, बदहाल स्कूल और अस्पताल दिए



हैं। सरकारी दफ्तरों में इन लोगों ने घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि गरीब की चिंता भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। हम आपके वर्तमान और भविष्य, दोनों की चिंता करते हैं। इसलिए बीते नौ सालों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनका लक्ष्य गरीब का कल्याण ही रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना के समय में दुनिया के अनेक देशों में खाने का संकट पैदा हो गया, लेकिन अपने गरीब भाई-बहनों को इस परेशानी से निकालने की चिंता भी मोदी ने की। भाजपा सरकार ने आपके लिए मुफ्त राशन देने वाली योजना तैयार की, लेकिन कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में इस योजना में भी घोटाला कर दिया।

## 'कांग्रेस सत्ता में आई तो महिलाओं को हर माह होगा 4000 का फायदा'



**हैदराबाद**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि तेलंगाना में दो नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो महिलाओं को चार हजार रुपये तक का फायदा होगा।

**अंबातीपल्ली गांव में महिला से बोले राहुल:** दरअसल, राहुल गांधी कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा (लक्ष्मी) बैराज के पास अंबातीपल्ली गांव में एक महिला सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा कथित तौर पर लूटे गए सभी धन को लौटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री की लूट से तेलंगाना की महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री द्वारा लूटी गई राशि आपके बैंक खातों में जमा करने का फैसला किया है।

**इन योजनाओं से होगा लाभ:** कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक पेंशन, एलपीजी सिलेंडर पर बचत और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के जरिए महिलाओं को 4000 रुपये तक का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में हर महीने महिलाओं के बैंक खातों में सामाजिक पेंशन के रूप में 2,500 रुपये जमा किए जाएंगे। इसके अलावा, कांग्रेस सत्ता में आने पर एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करेगी।

## वायु सेना प्रमुख पूर्वोत्तर में अग्रिम ठिकानों के दौरे पर, वायु योद्धाओं से भी मिले

**नई दिल्ली**

**वायु सेना प्रमुख** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी पूर्वोत्तर में सभी महत्वपूर्ण अग्रिम ठिकानों का दौरा कर रहे हैं। दुनिया के इकलौते लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' ने हाल ही में अग्रिम इलाकों में लगभग 10 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित एक हेलीपैड से ऑपरेशन को अंजाम दिया। इसके बाद इस स्वदेशी हेलीकॉप्टर को उच्च ऊंचाई वाले ठिकानों पर तैनाती के लिए तैयार किया जा रहा है। चौधरी ने मिजोरम के सुदूर पूर्व में भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र में स्थित फारकॉन गांव का दौरा किया। वायु सेना प्रमुख की नजर



मेगा जॉइंट वॉर गेम 'पूर्वी आकाश' पर है।

तीनों सेनाओं ने पूर्वी समुद्री तट एवं द्वीप क्षेत्रों पर विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस फायरिंग की है, इसलिए पूर्वी क्षेत्र में ऑपरेशन तैयारियों पर ध्यान दिया जा रहा है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने उत्तर पूर्व के विभिन्न अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने वायु योद्धाओं के साथ बातचीत में उनकी परिचालन तैयारियों के लिए सराहना की। उन्होंने फारकॉन, मेचुका, पासीघाट, तूतिंग और जीरो का दौरा किया, जहां भारतीय वायु सेना की तैनाती है।

## जिस दिन चुनाव के नतीजे आएंगे मुझे नहीं पता मैं जेल में रहूंगा या बाहर: केजरीवाल

**सिंगरौली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आज यानी गुरुवार (2 नवंबर) को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस बीच सीएम केजरीवाल ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में रोड शो किया। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। केजरीवाल के रोड शो में काफी भीड़ देखने को मिली।



**सिंगरौली में अरविंद केजरीवाल का रोड शो**

पिछले दिनों दिल्ली शराब नीति घोटाले को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने समन जारी किया गया था। ईडी के सामने हाजिर होने के बजाए उन्होंने सिंगरौली में रोड शो किया। चुनाव प्रचार के दौरान अचानक आमने-सामने आए बघेल और हिमंत बिस्वा सरमा, देखें वायरल वीडियो

**बीजेपी पर जमकर बरसे सीएम**

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के अंदर रोज खड़े होकर ये धमकी दे रहे हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे। केजरीवाल के शरीर को तो गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन केजरीवाल की सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे। इस एक केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन लाखों करोड़ों केजरीवाल को कैसे गिरफ्तार करोगे?

## 'भारत अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश'



**नई दिल्ली**

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश है और उनका रिश्ता सदी का सबसे निर्णायक रिश्ता है। गासेर्टी ने नई दिल्ली में ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) द्वारा आयोजित द एनर्जी ट्रांजिशन डायलॉग्स में यह टिप्पणी की।

राजदूत ने कहा, "मैं इसे निजी तौर पर कहता था लेकिन अब मैं इसे सार्वजनिक रूप से कह सकता हूं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने मुझसे इस पद (भारत में राजदूत के) पर विचार करने को कहा, तो उन्होंने कहा कि भारत मेरे लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है। हालांकि, मैं नहीं मानता कि राष्ट्रपति जो बाइडन के अलावा अबतक किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा कहा होगा।"

**'अमेरिका-भारत संबंध इस सदी का सबसे निर्णायक संबंध**

गासेर्टी ने आगे कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका-भारत-संबंध इस सदी का सबसे निर्णायक संबंध है। सितंबर में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन पर उन्होंने कहा कि यह इतिहास में अबतक का सबसे अच्छा शिखर सम्मेलन था। गासेर्टी ने कहा, "यह रिश्ता सिर्फ अमेरिका और भारत का नहीं है। यह एक घातीय संबंध है। देखिए कि हमने अपने इतिहास के अबतक के सबसे अच्छे जी20 में एक साथ कैसे भाग लिया। बेशक इसका नेतृत्व भारत ने किया और आपके अद्भुत नेतृत्व के लिए धन्यवाद।" व्यापारिक अवसरों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय और अमेरिकी बाजारों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के काफी अवसर हैं।

## चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। योजना के तहत राजनीतिक दलों को अज्ञात फंडिंग की अनुमति देती है। कोर्ट ने मामले में 31 अक्तूबर से नियमित सुनवाई शुरू की थी।

**पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने की सुनवाई**

मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने की। इसमें न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। इस दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से दलीलें दी गईं। कोर्ट ने सभी पक्षों को गंभीरता से सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

**कोर्ट ने क्या कहा था?**

इससे पहले कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि चुनावी बॉण्ड योजना के साथ एक दिक्कत यह है कि यह चयनात्मक गुमनामी और चयनात्मक गोपनीयता प्रदान करती है। इसकी जानकारी स्टेट बैंक के पास उपलब्ध रहती है और उन तक कानून प्रवर्तन एजेंसियां भी पहुंच सकती हैं।

पीठ ने कहा कि योजना के साथ ऐसी परेशानियां रहेंगी, अगर यह सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मुहैया नहीं कराएंगी। इससे योजना को लेकर अस्पष्टता की स्थिति बनी रहेगी।

## इंफाल में स्थिति शांत लेकिन तनावपूर्ण माहौल

**इंफाल**

मणिपुर की राजधानी इंफाल में में बुधवार को भीड़ ने मणिपुर पुलिस कार्यालय परिसर का घेराव करने की कोशिश की। वे हथियार लूटने की फिराक में थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने 2,000 से अधिक लोगों की एक बड़ी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवा में कई राउंड फायर किए। राजधानी इंफाल में गुरुवार को स्थिति शांत रही लेकिन माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इस घटना के बाद शहर में कई बाजार बंद रहे लेकिन शैक्षणिक संस्थान, सरकारी कार्यालय और मणिपुर उच्च न्यायालय सामान्य रूप से काम कर रहे थे जबकि सुबह 10 बजे से कर्फ्यू में ढील के बाद सड़कों पर वाहनों की आवाजाही देखी गई। प्रशासन ने प्रमुख जंक्शनों पर अतिरिक्त राज्य और केंद्रीय बलों को तैनात किया।

## 23 हजार करोड़ की लागत से मजबूत होगा देश का इंफ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल के तहत 23,500 करोड़ रुपये की सड़क और रेलवे की चार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। इन परियोजनाओं का मूल्यांकन 17 अक्टूबर को 58वीं नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की बैठक में किया गया।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 23,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत वाली मल्टीमाडल कनेक्टिविटी के लिए सड़क और रेलवे परियोजनाओं पर एनपीजी में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) की विशेष सचिव (लाजिस्टिक्स) सुमिता डावरा ने की। उन्होंने मंत्रालयों से परियोजना को अपनी



योजना में मिल करने और राज्यों के साथ बातचीत करने का अनुरोध किया, जिससे बुनियादी ढांचे की कमियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके और एकीकृत योजना को बढ़ावा दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने ढांचागत विकास के काम को प्राथमिकता पर रखा है। देश में चल रहीं परियोजनाएं इसका प्रमाण हैं।

**क्या होती है प्रक्रिया?** पीएम गति शक्ति में शामिल सभी विभाग, योजना स्तर पर डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने से पहले मंजूरी के लिए एनपीजी से संपर्क करते हैं। एनपीजी की मंजूरी के बाद, परियोजना वित्त मंत्रालय और कैबिनेट द्वारा अनुमोदन की सामान्य प्रक्रिया का पालन करती है।

**क्या है पीएम गति शक्ति**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अक्टूबर 2021 को विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) को लॉन्च किया था। इस योजना के तहत रेलवे, सड़कें, बंदरगाहों, जलमार्ग, एयरपोर्ट, जन परिवहन, लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विभाग शामिल हैं।

# दुर्घटना में घायल चालक की मौत नाराज लोगों ने लगाया जाम

अखंड भारत संदेश

**एसीपी बारा और एसओ शंकरगढ़ भारी फोर्स संग मौके पर पहुंचे, शिवराजपुर चौराहे पर चक्काजाम किए जाने से आवागमन बाधित रहा बाधित**



बारा/शंकरगढ़। 31 अक्टूबर को हुए हादसे में घायल चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले आए और शिवराजपुर चौराहे पर शव रख जाम लगा दिया। जाम में स्थानीय ग्रामीण भी शामिल रहे। शिवराजपुर चौराहे पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही एसीपी बारा और एसओ शंकरगढ़ भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मान-मनव्वल शुरू कर दिया, पर समाचार लिखे जाने तक लोगों का विरोध जारी था। बताते चलें कि शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के पास एक ट्रैक्टर ड्राइवर को दूसरे ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर लग गई थी। शिवराजपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास हुए इस हादसे में दिवाकर (30) पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल (निवासी शिवराजपुर) ट्रैक्टर लेकर कहीं जा रहा था। किसी काम से वह पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर से उतरकर खड़ा हो गया। उसी दरम्यान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान दिवाकर की बुधवार देर शाम मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने दिवाकर के शव का पोस्टमार्टम करवाया। दूसरी तरफ, जैसे ही मौत का समाचार उसके घर पहुंचा, कोहराम मच गया। घर के कमाऊ सदस्य के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दिवाकर के तीन बच्चे हैं, जो अभी छोटे हैं। दूसरी, तरफ शिवराजपुर चौराहे पर जाम की वजह से आवागमन काफी देर तक बाधित रहा।

## मऊआइमा में बंदरों का आतंक कई घायल महिलाओं का छतों पर जाना मुहाल

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग खौफजदा हैं। इन आतंकी बंदरों ने कई को काट कर जख्मी कर दिए हैं। जिससे महिलाओं क्या बच्चे का राह चलना मुहाल हो गया है। मऊआइमा नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों का आतंक इस कदर छाया है कि महिलाएं यदि छतों पर गयीं तो उन्हें काट कर जख्मी कर देते हैं। यही नहीं इन आतंकी बंदरों ने विगत दिनों एक किशोरी को काट लिया। किशोरी जान बचाने के लिए इधर उधर भागी और छत से नीचें गिर गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह गत दिनों एक मासूम को काट लिए। जिसका उपचार चल रहा है। राम कली, पारसनाथ, छेदी, नाजनीन, इमरान, नाजिस आदि को बंदरों ने अपना शिकार बना लिए है। बताते हैं कि शाम के समय यदि कोई महिला छत पर गयी तो बंदरों से बचना मुहाल हो गया है। आतंकी बंदरों के झुंड, दिन रात लोगों के घरों में घुस कर सामानों को क्षति पहुचाने में लगे हैं। भोजन के बर्तनों को उठा ले जाते हैं। यदि कोई असावधानी घटी तो बंदरों का हमला तय है।



## भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**सहसों।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्त दिवसीय संगीतमय आयोजित तिवारीपुर गांव में मुख्य यजमान पंडित विश्वंभर नाथ तिवारी के संयोजन में श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को गुरु अचार्य डॉ श्रीनिवास त्रिपाठी एवं कथा व्यास श्यामसुंदर महाराज द्वारा मंडप में वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजित कलश के साथ भक्त नर नारियों ने पीत वस्त्र धारण कर गांव के विभिन्न गलियों में मंगल गीत गाते भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ मंडप पर समाप्त हुई। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए आचार्य एवं गुरुदेव भगवान का आशीर्वाद लिया। सायंकाल कथा के प्रथम दिन कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म-जननांतर के पाप धुल जाते हैं तथा व्यक्ति को कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा से घर परिवार के साथ श्रवण करने वाले सभी भक्तों का कल्याण होता है। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान विश्वंभर नाथ त्रिपाठी सपत्नीक ने व्यास पीठ, भागवत भगवान व आवाहित देवी देवताओं सहित यज्ञ मंडप में आरती उतारी तत्पश्चात उपस्थित भक्त अनुरागियों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र से आए हुए भक्त नर नारियों ने श्रद्धापूर्वक कथा का रसपान करते कथा पंडाल में उपस्थित रहे।

# सात रजबहा और 15 माइनरों की जल्द सुधरेगी सेहत

अखंड भारत संदेश

**बाघला टैंक, पंप नहर, साफ-सफाई के कार्य की टेंडर प्रक्रिया शुरू, लोक निर्माण विभाग ऊंचा करवाएगा कल्याणपुर का रपटा मार्ग**



**बारा।** सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की शुरूआत हो चुकी है। यमुनापार के बारा तहसील क्षेत्र में सात रजबहा, 15 माइनर, 2.4 किमी नहर, बाघला टैंक एवं पंप नहर की मरम्मत, स्क्रैपिंग, साफ-सफाई की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा नारीबारी-शंकरगढ़ बीपी मार्ग पर स्थित कल्याणपुर के रपटा को ऊँचा करने की स्वीकृति मिल गई है। बारा विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि सिंचाई व जल संसाधन विभाग की बैठक में सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी, विधायक डा. वाचस्पति और जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीके सिंह ने नहरों में पानी का प्रवाह कम होने और नहरों की सफाई का मुद्दा उठाया था। सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि नहरों में टेल तक पानी पहुंचना चाहिए। बारा विधायक डा. वाचस्पति ने कहा किसान ही हमारे अन्नदाता है। किसानों की खुशहाली से ही विकास का रास्ता आगे बढ़ता है। कल्याणपुर के रपटा को ऊंचा करने के लिए लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लगभग दो करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल ने आगे बताया कि विधानसभा बारा में 55 इंटरलाकिंग सड़कों के निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे आम जनमानस को आवागमन में सुविधा हो जाएगी। भाजपा नेता दिनेश तिवारी ने बताया कि विधानसभा बारा में सांसद प्रयागराज के द्वारा उद्योगों को स्थापित कराने के लिए भी प्रयासरत हैं, जल्द ही एक उद्योग का लोकार्पण होगा। नहरों में किसानों की जरूरत के अनुसार नहर चलाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही वृहद स्तर पर नहरों की सफाई एवं नहरों की पटरियों को कायाकल्प करने के निर्देश दिए है।

# मऊआइमा पुलिस चोरों का पता लगाने में असफल, लूट की घटना चोरी में लिखने में महारत

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरी छिनौतीं का मामला थमने का नाम नही ले रहा है।सक्रिय चोर उचक्कों ने लोगो का राह चलना मुहाल कर दिया है।वही मऊआइमा पुलिस इन सब घटनाओ में नाकाम साबित हो रही है। लूट की घटना चोरी में लिखने में महारत।जिस से कस्बा वासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के मुताबिक मऊआइमा नगर पंचायत व आस पास क्षेत्रो में सक्रिय चोर उचक्के बाइकों से दिन, रात गली कूचों में घूमते रहते है।मौका मिलते ही लोगों का मोबाइल व पैसा छीन कर भाग जाते है।बताते है कि रात्रि लगभग आठ बजे कस्बा के मोहल्ला अबुहलीम पट्टी निवासी दो किशोर मोबाइल से बात करते चले जा रहे थे।कि जैसे कस्बा के सदर कम्प्लेक्स के पास पहुंचे सामने से एक बाइक पर तीन सवार शातिर बदमाशों ने मोबाइल को झपट्टा मार कर छीनना चाहे वैसे मोबाइल जमीन कर गिर पड़ा और लड़कों का मोबाइल लूट से बच गया।बताते हैं कि इस तरह की घटनाएं कस्बा में कई बार हो चुकी है।कुछ माह पूर्व वन विभाग में मोहम्मद आरिफ के साथ मोबाइल छिनैती का मामला हुआ था। जिस की तहरीर भी थाने में दी गई थी। परन्तु पुलिस कुछ करना तो दूर। घटना स्थल पर जा कर जांच करना भी मुनासिब नहीं समझी ।लोगों का आरोप है कि इस तरह की घटना को आए दिन चोर उचक्के बराबर अंजाम दे रहे है। आरोप है कि विगत दिनों मदन कुमार के साथ हुई लूट की घटना को चोरी में दर्ज कर एक लूटेरे को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया। मऊआइमा पुलिस घटनाओं के रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है। इस लिए कस्बा वासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।तथा मुकदमा लिखने को गुनाह समझती है।

# परिवार रजिस्टर नकल के लिए दर- दर भटक रहे आवेदक!

अखंड भारत संदेश

**सचिव ब्रजेंद्र कुमार शुक्ल पर आवेदकों का गम्भीर आरोप गोल मटोल देते हैं जवाब, ग्रामीणों में आक्रोश**



**मांडा।** विकास खंड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतो में एक ही सचिव हर ग्राम पंचायत पर भारी पड़ रहा है। जिसकी शिकायत आवेदकों द्वारा ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया । लेकिन जिम्मेदार अधिकारी फड़ कस लेने के बाद उस सचिव के सामने ढ़ीले हो जाते हैं। जिससे आवेदकों की संख्या के साथ समस्या बढ़ती जा रही है। सचिव की हरक्कत एवं उदासीनता के कारण ग्रामीणों में धीरे- धीरे धूं धूं कर ज्वाला का रूप धारण कर सकती है। वहीं आवेदकों को परिवार रजिस्टर की नकल के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। विकास खंड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम सभा मांडा के अलावा मझिगवा, मेंहाजागिर, हाटा, बनवारी खास, मे तैनात सचिव बृजेन्द्र कुमार शुक्ला अपने क्षेत्र में आते ही नहीं है उन्हें क्षेत्र में न आने से ग्राम सभा के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल के लिए व अन्य जानकारी के अभाव में दर-दर भटकना पड़ता है। परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम सभा में बने पंचायत भवन पर न आकर किसी अपने परिचित के यहां आकर रुकते हैं उनके आने की खबर ग्रामीणों एवं आवेदकों को नहीं होती है। यह आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पखवाड़े भर से उक्त ग्राम सभा के लोग परिवार रजिस्टर की नकल के लिए सचिव का इंतजार करते रहते हैं। यही नहीं कई बार ब्लॉक मुख्यालय पर भी गए लेकिन सचिव से मुलाकात नहीं हो पायी । किसी आवेदकों से मुलाकात हुई भी तो वह गोल मटोल जवाब देकर स्वयं द्वारा रखे गए अपने मुंशी के पास भेज कर गायब हो जाया करते हैं। जहां कि सरकारी दस्तावेजों में परिवार रजिस्टर की आवश्यकता पेंशन, वरासत, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि जरूरी कागजातो में पड़ता है।ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हैं।

# अंगद रावण संवाद एवं श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** आदर्श छात्र संघ रामलीला गहरपुर खखैचा की रामलीला मंचन में विभीषण की श्रीराम भक्ति से नाराज रावण उनको देश निकाले का फरमान सुनाता है। इसके बाद विभीषण प्रभु श्रीराम के पास पहुंचते हैं। श्रीराम उनको अपनी शरण में ले लेते हैं। इसके बाद वानर सेना के साथ श्रीराम-लक्ष्मण समुद्र के किनारे जाते हैं और समुद्र से रास्ता मांगते हैं।काफी विनती के बाद भी जब समुद्र रास्ता नहीं देता है तो क्रोधित होकर श्रीराम अपने धनुष पर बाण चढ़ाते हैं। डरा हुआ समुद्र श्रीराम के समक्ष प्रकट होता है और क्षमा प्रार्थना करता है। साथ ही मार्ग भी देता है।इसके बाद श्रीराम समुद्र तट पर ही भगवान शंकर का पूजन कर रामेश्वरम की स्थापना करते हैं इसके बाद वानर सेना समुद्र पर पत्थर का पुल बनाती है और सभी लंका पहुंच जाते हैं।इसके बाद राम अंगद को दूत बनाकर लंका भेजते हैं। अंगद दरबार में पहुंचते हैं और रावण से संवाद करते हैं। अंगद शर्त रखते हैं कि कोई मेरा पैर टस से मस कर दे तो मैं मान जाऊंगा कि आप श्रीराम को पराजित कर सकते हैं कोई भी अंगद का पैर नहीं हिला पाता। रावण पांव डिगाने के लिए उठता है तो अंगद समझाते हैं कि अगर आप मेरी जगह श्रीराम का पैर पकड़ते तो आपका कल्याण हो जाता।इस अवसर पर कार्यकारिणी अध्यक्ष त्रिशुली नाथ दुबे, उपाध्यक्ष लालचंद यादव, निर्देशक फूलचंद्र उपाध्याय, उपनिर्देशक दिनेश तिवारी, प्रबंधक चंद्रशेखर दुबे, उप प्रबंधक माधव प्रसाद दुबे, महामंत्री आदित्य तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रमोद दुबे, व्यवस्थापक छोटेलाल उपाध्याय, प्रचार प्रमुख राजेंद्र प्रसाद तिवारी, व्यास कृष्णधर तिवारी सूबा गुरु, मुख्य सलाहकार राहुल कुमार दुबे, प्रेरणास्त्रोत सरयू प्रसाद तिवारी, ब्रह्मप्रसाद तिवारी, विशिष्ट सहयोगी डा.मातासेवक तिवारी, त्रिलोकीनाथ दुबे, त्रिभुवन दुबे, चंद्रभूषण तिवारी, विजय दुबे, सुनील मिश्र, मुकेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, सुशील दुबे, दीपक दुबे, आकाश दुबे, बीएल पाल, प्रदीप दुबे, चेतन दुबे, शक्ति सिंह, सुनील यादव, संजय गुप्ता, संजीत यादव, प्रदीप गुप्ता, मनोज दुबे, संदीप दुबे, लवकुश दुबे, विवेक उपाध्याय, अशोक यादव, विनय उपाध्याय, दीपक मिश्र, विकास तिवारी, सिद्धार्थ सिंह, अच्छेलाल, विशाल, अभिषेक, अमन, शिवम, सहित तमाम लोग रामलीला मंचन में सहयोगी हैं।

## विभीषण शरणागति, अंगद रावण संवाद लीला का मंचन



जंघई। आदर्श रामलीला कमेटी भण्डा गांव की रामलीला मंचन में विभीषण शरणागति, सेतुबंध, रामेश्वर स्थापना और अंगद रावण संवाद लीला का मंचन हुआ दोहे और चौपाइयों के साथ विधिवत लीला का मंचन कराया गया। जिससे देखने के लिए शहर से लेकर गांव तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला मैदान पहुंचे।श्रीराम लीला मंचन के दौरान विभीषण अपने भाई रावण को समझाते हैं कि वह श्रीराम से संधि कर उनकी शरण में जाएं और सीता जी को लौटा दें इस पर रावण क्रोधित होकर उन्हें ठोकर मारकर दरबार से बाहर कर देता है। इसके बाद विभीषण श्रीराम के पास जाकर शरण ले लेते हैं इसके अलावा रामसेतु लीला का भी मंचन हुआ श्रीराम, रामेश्वर भगवान शिव की स्थापना कर पूजा करते हैं इसके बाद सेतु निर्माण कार्य शुरू हो जाता है सेतु बनने के बाद अंगद को लंका में शांति दूत बनाकर भेजा जाता है वहां अंगद और रावण के बीच संवाद होता है।इस अवसर पर अध्यक्ष परमेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष हुबराज यादव, रामकुमार सिंह, व्यास संचालक पन्ना लाल शर्मा, चंद्र बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, आलोक सिंह पूर्व प्रधान, सहज प्रताप, गौरव राजपूत, हरिकेश सिंह, आकाश सिंह, लकी, बंटी, जितेंद्र, पवन, अवनीश, चंदन, ज्ञानेंद्र, कुंदन, सचिन, आदर्श, वीरभद्र, किशन, प्रतीक, नीरज, मनीष, गोरेलाल शर्मा, पप्पू गौड़, अमित, विक्की, गब्बर, शिवम, हर्ष, अंश, गोविंद, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामयश महाविद्यालय में मुफ्त स्मार्टफोन पाकर गदगद दिखे छात्र छात्राएं




**नवाबगंज।** मलाक बलऊ नवाबगंज स्थित रामयश महाविद्यालय में गुरुवार को निशुल्क स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले मां सरस्वती की मूर्ति के पास दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।बीएड के उत्तीर्ण ९५ छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने छात्रों को स्मार्टफोन वितरित कर उनके भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्रबंधक संगम लाल मिश्र, निदेशक विवेक मिश्र, प्राचार्य डॉ. के एन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार छात्रों के हित के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। उसी में से एक योजना निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण भी है। सरकार छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए जुटी हुई है। संचालन रामनिहोर यादव ने किया।

# अहंकार नष्ट हुए बिना भक्ति प्राप्त नहीं होती : पं. रामगोपाल





अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ज्ञान के नगर जनकपुर और अभिमान के नगर लंका में शिव धनुष के रूप में हो या अंगद के पैर के रूप में हो अहंकारी लोगों से किसी का उठाना संभव नहीं है। अर्थात अहंकार के रहते भक्ति प्राप्त नहीं होती है।मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भक्ति प्राप्त करना है, लेकिन अहंकार नष्ट हुए बिना भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती है। विनम्रता और समर्पण से ही भक्ति प्राप्त होती है। उक्त उद्गार मानस सम्मेलन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पांती, मेजारोड में चल रहे मानस सत्संग समारोह में मानस रत्न बांदा पंडित रामगोपाल तिवारी महाराज ने कही। कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज डॉ रामसूरत रामायणी महाराज ने कहा कि दर्शन दो प्रकार के होते हैं। एक भगवान राम का दर्शन, दूसरा है रावण का दर्शन। अब हमें आपको चुनाव करना है कि हम आप किस दर्शन का चुनाव करते हैं। राम का या रावण का। यदि अपने जीवन में धन्यता लाना चाहते हैं तो हमें और आपको रावण को छोड़कर राम की ओर चलना पड़ेगा। जैसा कि विभीषण ने किया। ₹मैं रघुवीर शरण अब जाऊं। कथा को आगे बढ़ाते हुए वाराणसी से पधारीं नीलम शास्त्री जी ने कथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजा जनक से लेकर चित्रकूट तक की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए मौजूद रहे सैकड़ों भक्तों ने अपने आप को धन्य महसूस किया। कथा के आयोजक पंडित नित्यानंद उपाध्याय व विजयानंद उपाध्याय ने धर्म प्रेमी सज्जनों से अधिकाधिक संख्या में कथामृत पान करने का आग्रह किया है। कथा श्रवण के दौरान मानस परिवार के साथ-साथ सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


# साधु का चोला धारण कर रावण ने हर ली सीता



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के आठवें दिन सूर्पनखा की नककटी, स्वर्ण मृग एवं सीता हरण की लीला का अत्यंत सुंदर मंचल श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया` सूर्पनखा की उदण्डता पर लक्ष्मण उसके नाक- कान काट देते हैं` सूर्पनखा रावण को उकसाती है` रावण मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर राम के पास भेजता है` सीता राम से स्वर्ण मृग को लाने के लिए जिद करती हैं` राम स्वर्ण मृग के पीछे चले जाते हैं` मारीच राम के हाथों मरने से पहले राम की आवाज में अत्यंत कातरता से लक्ष्मण को पुकारता है` सीता के जिद करने पर लक्ष्मण राम को ढूंढने निकल जाते हैं` इस बीच रावण साधु का भेष बनाकर आता है और सीता से भिक्षा मांगता है` सीता लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन करती हैं और रावण सीता का हरण कर लेता है` सीता की करूण पुकार सुनकर दर्शक द्रवित हो जाते हैं` रामलीला में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, अनिल चौधरी, दया शंकर तिवारी, पंकज सिंह, संतोष सिंह, शिव दानी सिंह, हरी बाबू सिंह, प्रभात सिंह, पिंटू नेपाली, नीलू केसरवानी, बजरंगी लाल, बलराम माली, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, सत्येंद्र सोनकर, दीपेंद्र सिंह आदि ने सहयोग किया।

## राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध एवं लंका दहन की लीला का हुआ मंचन



**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर वरूणा के तत्वावधान में चल रही रामलीला में राम-सुग्रीव की मित्रता, बाली वध और लंका दहन का जीवंत मंचन किया गया। लीला में हनुमान जी श्रीराम की अपने राजा सुग्रीव से मित्रता कराते हैं सुग्रीव भगवान राम को अपने भाई बाली के बारे में बताते हैं, जिससे भगवान राम बाली का वध करने की बात करते हैं।बाली और सुग्रीव के युद्ध के दौरान दोनों भाइयों के एक जैसा दिखने पर भगवान राम परेशान हो जाते हैं भगवान श्रीराम सुग्रीव को दोबारा युद्ध करने के लिए भेजते हैं और बाली का वध कर देते है। बाली का वध करने के बाद भगवान राम हनुमान को लंका में सीता जी की कुशलता लेने के लिए भेजते हैं। जहां पर हनुमान अशोक वाटिका का तहस-नहस कर देते है, जिससे रावण अपने पुत्र मेघनाथ को भेजता है और हनुमान को पकड़कर लाने का आदेश देता है मेघनाथ हनुमान को पकड़ कर दरबार में लेकर आ जाते है जहां रावण और हनुमान के बीच संवाद होता है। जिससे रावण क्रोधित होकर अपनी राक्षस सेना को हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देते हैं हनुमान जी पूंछ में आग लगने के बाद पूरी लंका को जलाकर स्वाहा कर देते हैं।समुद्र में कूद कर अपनी पूंछ की आग बुझाने के बाद वह वापस लौट जाते हैं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरभानपुर भुलेश्वर नाथ तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, मनोज तिवारी एडवोकेट, सचिन तिवारी एडवोकेट, मानिकचंद्र तिवारी, मिथिलेश तिवारी, अवधेश तिवारी, कृष्ण मुरारी पांडेय, राजितराम पांडेय, रमाकांत यादव, रामबहादुर यादव, दयाशंकर बीडीसी, अवधेश मिश्रा, कृपाशंकर तिवारी, बासुचंद्र तिवारी, मंशाराम मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, राजन तिवारी आदि रहे।

# 61वीं मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन सम्पन्न

## पेंशन अदालत में कुल 33 वादों को सुना गया, जिनमें से 11 वादों का मौके पर किया गया निस्तारण, मण्डलायुक्त ने शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरूवार को गांधी सभागार में 61वीं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित मण्डलीय पेंशन अदालत में 24 पुराने एवं 09 नये वादों सहित कुल 33 वाद सूचीबद्ध थे, जिनकी सुनवाई करते हुये कुल 11 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त ने शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पेंशन अदालत में संबंधित विभागों के अधिकारियों को सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के समस्त देयकों का भुगतान निर्धारित समय से किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समस्त परिलाभों का नियमानुसार समय से भुगतान कर दिया जाये। कहा कि सेवानिवृत्त हो जाने से पूर्व ही उनके देयकों के सम्बन्ध में



नियमानुसार समय के अन्तर्गत कार्यवाही प्रचलित कर देनी चाहिए, जिससे समय-सीमा के अन्दर ही सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को उनके लाभ प्राप्त हो सके।पेंशन अदालत में आने वाले प्रकरणो में श्रीमती अहमदी बेगम पत्नी स्व0 अनीस अहमद से0नि0 वैक्सीनेटर, शम्भूनाथ श्रीवास्तव से0नि0 करसमाहर्ता तथा जमाल अहमद से0नि0 करसमाहर्ता के परिलाभों का भुगतान न किये जाने पर प्रकरण की सुनवाई करते हुए मण्डलायुक्त ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत प्रयागराज को शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए से0नि0 कर्मचारियों के लम्बित परिलाभों के भुगतान हेतु त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। इसी तरह से श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव से0नि0 सहायक अध्यापिका के प्रोन्नति वेतनमान के आधार पर पेंशन स्वीकृत किए जाने से सम्बंधित प्रकरण की सुनवाई करते हुए मण्डलायुक्त ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अरविंद जायसवाल पति स्व0 अंजलि जायसवाल सहायक अध्यापिका के मृत्यु उपादान से सम्बंधित परिलाभ के प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज को प्रकरण का परीक्षण करते हुए 15 नवम्बर तक निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। राम सजीवन पाल से0नि0 प्राविधिक वर्ग-3 के चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित प्रकरण के सम्बंध में कृषि विभाग के द्वारा बताया गया कि इनका भुगतान किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर निदेशक, संयोजक पेंशन अदालत पी0के0 सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ सम्बंधित पेंशनर उपस्थित रहे।

## अवैध कच्ची महुआ शराब व उपकरण के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने मुखबीर की खास सूचना पर घेराबंदी कर अवैध कच्ची महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ पाँच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपीगणों से सघन पूछताछ के बाद संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही पूरी की। औद्योगिक थाना क्षेत्र थानाध्यक्ष सुभाष सिंह द्वारा गठित की पुलिस टीम ने मुखबीर की खास सूचना पर ग्राम लवायन कला की गंगा कछार थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से पांच लोगों को दबोचा। वही पुलिस ने जब दबिश दी मौके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, 01 किलोग्राम यूरिया, 250 ग्राम नौशादर व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुये। पुलिस फोर्स ने मौके पर करीब 6 कुन्तल लहन मौके पर नष्ट कर दिया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मुकदमा पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी अवैध शराब व उपकरण के साथ गिरफ्तार होने वाले अभियुक्त में 1. राजन निषाद पुत्र स्व0 लालधारी निषाद निवासी ग्राम लवायन, उम्र करीब 35 वर्ष 2. सुल्तान निषाद पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम लवायन कला, उम्र करीब 22 वर्ष 3. त्रिभुवन पुत्र स्व0 लाहुर निवासी ग्राम लवायन, उम्र करीब 55 वर्ष 4. जितेन्द्र कुमार पुत्र त्रिभुवन निषाद निवासी ग्राम लवायन, उम्र करीब 30 वर्ष 5. विनोद कुमार निषाद पुत्र टिड्डा निषाद निवासी ग्राम लवायन कला, उम्र करीब 25 वर्ष का आरोपी शामिल हैं।

# पूर्व विधायिका नीलम करवरिया ने रखा करवा चौथ का व्रत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बुधवार को करवा चौथ व्रत के माध्यम से महिलाओं ने अपने पति की सलामती के लिए मंगलकामनाएं की। सुहागिनों का बहुप्रतीक्षित निर्जला करवा चौथ का व्रत रखकर पति की सलामती एवं उन्नति की कामना की। शाम को चांद निकलने से पहले पूजन-अर्चन किया और चंद्र दर्शन के बाद सुहागिनों ने व्रत तोड़ा और पति व अपने बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके एवज में पति ने अपनी पत्नी को उपहार भी दिए। इसी क्रम में पूर्व विधायक मेजा नीलम उदयभान करवरिया ने करवा चौथ का व्रत रखकर पूजा-अर्चना किया। विधायिका ने 'जब तक गंगा-जमुना में पानी रहे, तब तक मेरे सजना की जिंदगानी रहें कि कामना के साथ अपने सुहाग उदयभान की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखा। वहीं उनके शुभचिंतकों ने भी ईश्वर से अपने नेता के लिए आशीर्वाद मांगा।

# मेजा की जनता के प्यार और आशिर्वाद को कभी भुलाया नहीं जा सकता : विनोद कुमार प्रजापति

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की ओर से विकास खण्ड उरुवा ग्राम पंचायत गोंदौरा मे प्रथम आगमन पर यमुनापार जिला अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति का जोर दार स्वागत अभिनंदन किया गया।अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति ने कहा कि मेजा की जनता का प्यार और स्नेह कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं ' डबल इंजन की सरकार ने हमारे समाज के प्रति अन्य सरकारों से सबसे अधिक विकास किया है ' भाजपा सरकार का विश्वास प्रजापति समाज के प्रति मै आप सबके बीच में एक उदाहरण के रूप में हूं आप सबका मत पुनः भाजपा की ओर बढ़ता रहे क्योंकि भाजपा सबका साथ सबका विकास करने पर विश्वास रखती है ।और पूरे काशी प्रांत में प्रजापति समाज से आप सबके बीच में सेवक के रूप में जिला अध्यक्ष पद पर कार्यरत हूँ। आप सभी से में निवेदन करता हूं कि अभी से आप लोग मिशन




के लिए लग जाइए और आज मेरे साथ संकल्प करिए कि मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए रात दिन भाजपा का कार्यकर्ता बनकर मेहनत करेंगे ' इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश प्रजापति, संस्थापक गायत्री प्रजापति, संगठन मंत्री राकेश प्रजापति , भाजपा जिला मंत्री, राजेश पाल,भाजपा जिला संगठन मंत्री पारस नाथ प्रजापति,भाजपा जिला कोषा अध्यक्ष, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल जिला महामंत्री राजेश शुक्ला मनोज गुप्ता, संजय केसरी मंडल अध्यक्ष उरुआ, आदेश सिंह पटेल नीरज कुमार द्विवेदी रामभुवन दिवेदी श्याम धर द्रिवेदी राजकुमार मिश्रा कुलदीप मिश्र दिलीप प्रजापति दिवाकर सिंह महेश प्रजापति अभिषेक प्रजापति श्रीमती बिंदु प्रजापति सूबेदार प्रजापति तुलसीदास लालबाबू प्रजापति रामपाल प्रजापति उमाशंकर प्रजापति एवम समस्त प्रजापति परिवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# पीडीए ने 11 कमरों की मार्केट को ढहाया

## ग्राम सभा की जमीन पर बनी थी मार्केट, कार्यवाही का बार एसोसिएसन के अध्यक्ष ने जताया विरोध



**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण में गुरुवार को झूंसी में बड़ी कार्यवही की। वाराणसी प्रयागराज मार्ग किनारे स्थित कटका में बनी 11 कमरों की मार्केट को अवैध बात कर ढहा दिया। मौके पर मौजूद मार्केट मलिक व दुकानदारों ने पीडीए पर मनमानी का आरोप लगते रहे पर भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल को देख कोई भी विरोध का साहस नहीं कर पाया। पीडीए का तोड़ू दस्ता गुरुवार की दोपहर दो जेसीबी लिए भारी पुलिस बल के साथ झूंसी कटका स्थित राज बहादुर यादव व राम किशुन की 11 कमरों की मार्केट ढहाने पहुचा तो हड़कम्प मच गया। दुकानदार अपनी अपनी दुकान खाली करने लगे। एक तरफ से दुकाने खाली हो रही थी और जैसी एक एक कर सभी 11 कमरों की मार्केट को तीन घंटे के अंदर ढहा कर जमीदोज कर दिया। मौके पर मौजूद मार्केट मालिक के भतीजे वीरेंद्र यादव ने बताया कि इस जमीन पर 40 सालो से हमारा कब्जा है जिसका मामला कोर्ट में भी चल रहा है। पीडीए एक होटल संचालक के इसारे पर यह कार्यवाही कर रही है। जानकारी देते हुए पीडीए के अवर अभियंता बीएन सिंह ने बताया कि यह मार्केट ग्राम सभी की जमीन पर बनी थी। जिसे खाली करने का साल भर पहले ही नोटिस दिया गया था।

# नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गुरूवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आहुत की गयी। समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव,अरविन्द राय सहायक नगर आयुक्त दीप शिखा पाण्डेय,अखिलेश सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह,पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा सभी सफाई निरीक्षक जोनल सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम महापौर जी द्वारा शहर में मच्छर जनित बीमारियों की रोक थाम के लिये कडे.निर्देश जारी किये गये है। सम्पूर्ण शहर व विस्तारित क्षेत्रों में सभी सड़कों/ गलियों में नाला/ नालियों की सफाई, कीटनाशक का छिड़काव, फागिंग का कार्य प्रतिदिन सभी वार्डो में कराया जाय ।डोर टू डोर कलेक्शन का कार्य प्रतिदिन सभी सम्बन्धित वार्डो जिनमें यह लागू है करायी जाय तथा फर्म द्वारा किये जा रहे कार्यो का पर्यवेक्षण जोनल अधिकारी द्वारा प्रतिदिन किया जाय तथा इसकी रिर्पोट प्रस्तुत की जाय ।सभी वार्डो में कार्यरत




नियमित सफाई कर्मचारी,संविदा कर्मचारी व आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों की उपस्थित सुनिश्चित की जाय ।ऐसे कर्मचारी जो वार्डो में सफाई हेतु कार्यरत है तथा उनके घर से कार्य स्थल की दूरी 5 किमी से अधिक है उन्हे उनके आवास के आस पास 5 किमी की रेंज में तैनाती की जाय। जिससे सफाई कार्य प्रभावित न हो ।सभी वार्डो में मानक के अनुरूप सफाई कर्मचारी नियुक्त किये जाय। नाइट स्वीपिंग का कार्य पर्यवेक्षण में कराया जाय ताकि किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो ।सभी वार्डो व विस्तारित क्षेत्रों में कूड़ा/ मलवे का निस्तारण त्वरित गति से कराया जाय तथा इसकी मानिटरिंग का कार्य अपर नगर आयुक्त, नगर जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, पर्यावरण अभियन्ता नगर स्वास्थ्य अधिकारी तथा सम्बन्धित सफाई निरीक्षक द्वारा करायी जाय। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। महापौर जी द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आक्रोश व्यक्त करते हुये निर्देश दिया गया उक्त में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

# जमुनापार महोत्सव के तीसरे दिन बाल कलाकारों ने विखेरा जलवा

## घर आंगन के गीत और नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, प्रवाचक ने बखानी भरत की महिमा

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में चल रहे 25वें जमुनापार महोत्सव के तीसरे दिन कई विद्यालयों के आई बाल प्रतिभाओं ने अपने हुनर का जलवा विखेरा ।मंच पर आयोजित लोकगायन नृत्य प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया ।इस मौके पर मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज करछना के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर रहे और अध्यक्षता प्रधानाचार्य केपी तिवारी ने किया ।एकल नृत्य में ज्ञान भारती की अन्नया प्रथम रही वहीं मदन मोहन मालवीय कालेज की गार्गी शुक्ला और राधा रमण इंटर कालेज नैनी की तान्या सागर को दूसरा स्थान मिला ।सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कालेज भीरपुर को 77अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त हुआ ।इसी प्रकार सामूहिक नृत्य में आयोजक कालेज की छात्राएं ने ढेढिया नृत्य और कमला स्मारक इंटर कालेज बलापुर को डाडियां नृत्य पर एकसाथ पहला स्थान मिला ।वहीं मदन मोहन को दूसरा और ज्ञान भारती नैनी के साथ-साथ बृज मगल सिंह को तीसरा स्थान मिला। लोकगायन में मदन मोहन पहले स्थान पर रहा ।समूह गायन में घटवा और करछना की प्रस्तुतियों को एकसाथ पहला स्थान प्राप्त हुआ ।उधर द्वितीय सत्र में व्यासपीठ से भरत की महिमा का बखान करते हुए स्वामी विनोदानन्द महराज ने श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया। भरत सरिस को राम सनेही की मार्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि भरत जैसा संसार में कोई दूसरा




रामभक्त नही ।संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बाल कलाकारों की प्रशंसा करते हुए प्रतिभाओं को अनवरत मंच प्रदान करने और अपने संतो की वाणी आत्मसात करने पर बल दिया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन डा.राजेंद्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर विधायक पीयूष रजन निषाद, सूर्यनिधान पाण्डेय, एके सिंह, रविकरन सिह तोमर वाचस्पति पाठक,क्षितिज तिवारी,शोभनाथ शुक्ल, कमला शंकर त्रिपाठी, विश्वेश ओझा, पंकज उपाध्याय समेत बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## जीवन में परमात्म तत्व के उदय होते ही जीव के समस्त बंधन कट जाते हैं : कृष्ण देव जी महाराज



**नैनी।** नैनी एडीए कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण पार्क में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ के चौथे दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए पूज्य श्री कृष्ण देव जी महाराज ने कहा कि माता देवकी एवं बाबा वासुदेव कंस के कारागार में दुख उठा रहे थे किंतु जैसे ही कृष्ण का जन्म होता है, उनके समस्त बंधन कट जाते हैं, पहरेदार सो जाते हैं और कारागार के द्वार स्वतः खुल जाते हैं ऐसे ही जीव के जीवन में जैसे ही परमात्म तत्व का प्रवेश होता है, उसके समस्त बंधन कट जाते हैं और जीवन आनंदमय हो जाता है श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया कथा स्थल को फूलों, लताओं, बंदनवारों, गुब्बारों से सजाया गया बधाई गायी गयी, रुपया-पैसा, टॉफी, मिठाई, मेवा लुटाए गये नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, बधइयां बाजे आंगना में आदि भजनों पर भक्तों ने जम कर नृत्य किया प्रमोद कुमार तिवारी, मालती तिवारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, सुशीला मिश्रा, भगवान प्रसाद दुबे ने भगवान की आरती की कथा में प्रमुख रूप से चंद्रिका प्रसाद पांडेय, आर के शुक्ला, कमल सिंह, पिंकी शुक्ला, रमन प्रताप सिंह, प्रज्वल नारायण मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, पी एन पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सुरेश विश्वकर्मा, अशोक जायसवाल आदि ने सहयोग किया।

# इफको में सतर्कता जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में गुरुवार को सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। जिसमें इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर ने जूम वेबिनार द्वारा इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस दौरान एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अपर आयुक्त आयकर प्रयागराज शिव कुमार राय रहे। उन्होंने कहा कि सजगता सतर्कता के लिए जरूरी है ।संविदाकार गोष्ठी में मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि व्यवस्था में पारदर्शिता हेतु, हम ई-प्रोक?योरमेंट को बढावा दे रहें है। संविदाकार गोष्ठी में संविदाकारों की कई समस्याओं का तुरंत निस्तारण



सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

किया गया। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों हेतु विजिलेंस मुख्यालय द्वारा संचालित ऑनलाइन क्विज, भ्रष्टाचार उन्मूलन में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन में शिक्षा की भूमिका कितनी प्रभावशाली है विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य व एमडी मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः एपी राजेन्द्रन, पीके सिंह, संजय भंडारी, डॉ अनिता मिश्र, पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एसके सिंह, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्चों को साइबर अपराध से बचने की दी गई जानकारी

## गुरुवार को छतनाग स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के बच्चों को झूंसी पुलिस ने साइबर अपराध से बचने का पढ़ाया पाठ

अखंड भारत संदेश


**झूंसी।** लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। गुरुवार को छतनाग स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के बच्चों को झूंसी पुलिस ने साइबर अपराध से बचने का पाठ पढ़ाया। छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन कुमार सिंह ने बच्चों को साइबर अपराध संबंधी जानकारी दी और उससे बचाव के तरीके भी बताएं। उन्होंने कहा कि मोबाइल में प्रलोभन देने वाले मैसेज फर्जी होते हैं और उनसे सभी को बचाना चाहिए। पुलिस की पाठशाला में उप निरीक्षक जवाहर सिंह, सिपाही धीरेंद्र कुमार सिंह, गीता यादव, जयप्रकाश ने भी अपने बच्चों को जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान के लिए प्रधानाचार्य ने सभी पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया। झूंसी पुलिस साइबर हेल्प डेस्क द्वारा न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के बच्चों को साइबर अपराध की रोकथाम हेतु




जागरूक किया गया। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर व अपर पुलिस उपायुक्त अपराध नोडल अधिकारी साइबर सेल व सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना झूंसी के साइबर हेल्प डेस्क व साइबर क्राइम थाना प्रयागराज के संयुक्त टीम द्वारा आज न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल झूंसी के विद्यार्थियों (लगभग 1500 विद्यार्थी) को साइबर अपराध के बारे में जागरूकता किया गया। विद्याथीयों को एवं स्कूल स्टाफ को साइबर अपराध व उनसे बचाव की बारीकियों से अवगत कराया गया साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध जैसे फाइनेंसीयल फ्राड, लोन फ्राड, सेक्सटार्शन, सोशल मीडिया फ्राड, व्हाट्सअप पिंक, जाब टास्क फ्राड, एआई रिलेटेड फ्राड आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी व वर्तमान में सबसे ज्यादा हो रहे टेलिग्राम फ्राड के बार में जय प्रकाश सिंह साइबर एक्सपर्ट प्रयागराज द्वारा बताया गया कि आनलाइन फ्राड के तरिके हजार है सिर्फ जागरूकता ही बचाव है। इन्ही तरीको में से आज कल साइबर फ्राड करने वालो ने टेलीग्राम टास्क साइबर ठगी का सबसे बड़ा जरिया बना लिया है । लालच और ज्यादा कमाई के चक्कर में फंसकर पढ़े लिखे लोग लाखों गंवा रहे हैं। ठग अपने शिकंजे में लोगों को फंसाने के लिए टेलीग्राम के जरिए संपर्क करते हैं। लिंक शेयर कर ज्यादा लाइक और शेयर करने का टास्क देते हैं। बदले में कुछ कमाई भी करवाते हैं और आपके बैंक खातों में ट्रांसफर भी करते हैं। शुरूआत में जब पैसे मिलते है तो लगता है सब सही है पैसे की कमाई हो रही है और बस यहीं से आपका लालच आपको उनके जाल में फंसा देता है। पहले आपको वीडियो लाइक और शेयर करने का भुगतान करेगें। फिर टेलिग्राम के माध्यम किसी बेबसाइट पर आपका रजिस्ट्रेशन करायेंगे। अब वह आपसे निवेश कराकर कुछ टास्क कराएंगे। आपकी रकम भी आपको बढ़ती हुई दिखाएंगे क्योंकि वेबसाइट या एप उन्ही के द्वारा बनाया गया है और आपको झांसे में लेने के लिय आपकी रकम बढ़ा कर दिखा देते है लेकिन आप की बढ़ी हुई राशि बैंक में अटकने या अन्य तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए आपको आपकी रकम ट्रांसफर नहीं करते हैं बदले में शातिर आपकी राशि ट्रांसफर करने के लिए और रुपये की मांग करते हैं। जब तक आपको पता चलता है तब बहुत देर हो चुकी होती है। टेलीग्राम ऐप पर साइबर ठग सक्रिय हैं। यहां से ठगी के नए-नए जाल बिछाए जाते हैं। डिजिटल मार्केटिंग और वर्क फ्रॉम होम से ठगी की जा रही है। अधिकतर मामलों में ठगी की रकम लाखों में है। ऑनलाइन जॉब या पार्टटाइम जॉब का लालच देना। साइबर अपराध से बचाव के लिये साइबर अवयेरनेस के पम्पलेट बाटें गये और यदि किसी के साइबर फ्राड हो जाये तो भारत सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम हेल्प लाईन नं0 1930 व www.cyber-crime.gov.in की जानकारी डेमो दिखाकर दिया गया। विद्यार्थियों व विद्यालय के स्टाफ द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने वाले साइबर क्राइम थाना प्रयागराज को धन्यवाद दिया तथा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस व साइबर हेल्प डेस्क थाना झूंसी के प्रति आभार व्यक्त किया। जागरूक करने वाली टीम में उ.नि. नवीन कुमार सिंह, क.आ. मनोज कुमार यादव, का. धीरेन्द्र कुमार, म.का. गीता यादव थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज। कम्प्यूटर आपरेटर जय प्रकाश साइबर क्राइम थाना प्रयागराज आदि रहे।

# ग्राम न्यायालय मेजा ने टुल्लू चोरी के अभियुक्तों को दी जमानत

अखंड भारत संदेश



ग्राम न्यायालय मेजा, प्रयागराज

सरकार बनाम उमेश कुमार आदि
मु0 अ0 सं0 525/2023
धारा- 379, 411 भा0 द0 सं0
थाना- मेजा, जनपद प्रयागराज

दिनांक-02.11.2023
अभियुक्त उमेश गौड़ पुत्र श्री रामजी गौड़, अभिषेक पाल पुत्र श्यामधर पाल निवासीगण सिटियारी, थाना- कोरांव, जनपद प्रयागराज की ओर से मु0 अ0 सं0 525/2023 धारा 379, 411 भा0 द0 सं0 थाना मेजा, जनपद प्रयागराज के मामले में प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र पर सुना। अभियुक्तगण जेल में निरुद्ध हैं।

जमानत प्रार्थनापत्र पर अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता एवं विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी के तर्कों को सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायालय के आदेशानुसार प्रस्तुत थाने की आख्या का अवलोकन किया। थाने की आख्या के अवलोकन से विदित होता है अभियुक्तगण का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। अतः मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्तगण को जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

अभियुक्तगण उमेश गौड़ तथा अभिषेक पाल का जमानत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। अभियुक्तगण प्रत्येक के द्वारा मु0 20,000/- का व्यक्तिगत बंधपत्र व इसी धनराशि की दो-दो नवीन प्रतिभू दाखिल करने पर उसे जमानत पर रिहा किया जाता है।

02.11.2023

(रुपाँशु आर्य)
न्यायाधिकारी
ग्राम न्यायालय मेजा, प्रयागराज

**पसना।** मेजा में ग्राम न्यायालय की स्थापना के बाद जिला मुख्यालय से दूर तहसील के निवासियों को मामूली वाद विवाद एवम अन्य आपराधिक मामलों में जमानत आदि के लिए जिला न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है ।अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि थाना मेजा में कायम धारा 379,411के मामले में अभियुक्त रामजी गौड़ व अभिषेक पाल निवासी सिरियारी थाना मेजा को ग्राम न्यायालय मेजा के न्यायाधिकारी रुपांशु आर्य ने अभियुक्तों का कोई अन्य आपराधिक इतिहास न होने के कारण जमानत स्वीकार करते हुए रिहा करने का आदेश जारी किया है ।ज्ञातव्य हो कि ग्राम न्यायालय की स्थापना के बाद पहली बार ऐसे मामले में किसी अभियुक्त की जमानत माननीय न्यायालय द्वारा स्वीकार की गई है। विद्वान अधिवक्ताओं की टीम में श्री मिश्र के अलावा अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय,शिवकैलाश यादव व सत्यम मिश्र शामिल रहे।

## दुकान का ताला तोडकर हजारों का सामान उठा ले गये चोर, पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किराना की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर हजारों का सामान व नकदी चुरा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के रीघी हर्षपुर निवासी शीतला प्रसाद यादव पुत्र रामशरण यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के पास किराने की दुकान चलाते हैं। पीड़ित के अनुसार बुधवार की रात अज्ञात चोर शटर का ताला तोडकर अंदर रखे करीब साठ हजार रुपए का सामान व दो सौ रुपए की नकदी उठा ले गये। गुरूवार को सुबह पीड़ित शीतला प्रसाद दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देख वह आवाक रह गया। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व वादों के निस्तारण हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन

### डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश



कार्यशाला में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में राजस्व वादों के निस्तारण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, डीजीसी रेवेन्यु राघवेन्द्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पेशकार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीजीसी रेवेन्यु ने भू-राजस्व सम्बन्धी विभिन्न धाराओं के बारें विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं सभी पीठासीन अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व से सम्बन्धित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाये, वादों के निस्तारण के पूर्व स्थलों का निरीक्षण सम्बन्धित राजस्व कर्मियों के साथ किया जाये और दोनो पक्षों की सुनवाई के उपरान्त निस्तारण किया जाये।

उन्होने न्यायालयों में लम्बित धारा-34, धारा-24, धारा-116, धारा-80 के सम्बन्ध में आनलाइन/ऑफलाइन प्राप्त शिकायतों को पूरी गम्भीरता से लेते हुये निर्धारित समय के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाये कि वादकारियों/शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से तहसील/जिला मुख्यालयों पर न आना पड़े और उनकी समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाये।

# फॉगिंग न होने से बढ़ा मच्छरो का प्रकोप, डेंगू और मलेरिया फैलने का खतरा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में भले ही स्वच्छता के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन स्वच्छता के मामले में जहां अभी भी यह काफी पीछे है, जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है तो वही डेंगू और मलेरिया के बढ़ने का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

बजबजाती हुई नालियां लोगों के लिए खतरे का कारण बनी हुई है। पट्टी नगर में नाली की सफाई ठीक ढंग से नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि नालियों की कई दिनों से साफ सफाई नहीं हुई है जिससे गंदा पानी पनप रहा है वही मच्छर के बढ़ने से लोग परेशान नजर आ रहे हैं कई जगह तो पानी भरा होने के कारण डेंगू और मलेरिया बीमारी के मरीजों की संख्या भी बढ़ सकती है। प्रतापगढ़ जनपद में पिछले हफ्ते कल 35 लोग डेंगू पॉजीटिव पाए गए थे वही पट्टी प्रशासन इस बात से बेखबर नजर आ रहा है , ना तो नालियों की सफाई हो रही है ना तो मच्छरों से बचने के लिए फॉगिंग कराई जा रही है जिससे डेंगू, मलेरिया तथा अन्य मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

## देसी तमंचा व हथौड़ी बेचकस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मान्धाता से थानाध्यक्ष पुष्पराज सिंह व वरिष्ठ उ0नि0 भृगुनाथ सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र मान्धाता के महुँए के पेड़ के आड़ गोलू सिंह जनरल स्टोर के दुकान के पास से तीन अभियुक्तों आलम पुत्र स्व0 हाकिम अली निवासी ग्राम रामपुर बजहा थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़, सद्दाम पुत्र स्व0 हाकिम अली निवासी ग्राम रामपुर बजहा थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़, आजाद पुत्र सिराज निवासी ग्राम रामपुर बजहा थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को 04 अदद देशी बम व 02 अदद देशी अवैध तमंचा 315 बोर 04 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद हथौड़ी व 01 अदद पिलास व 01 अदद छेनी व 01 अदद पेचकस व 01 अदद पिलास कटर व 01 अदद अपाचे मो0सा0 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 218/23 धारा 401 भादवि, मु0अ0सं0 219/23 धारा 4/ 5 विस्फोटक पदार्थ अधि0, मु0अ0सं0 220/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0 221/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है व मोटर साइकिल को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ बाइक छिनैती का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ बाइक छिनैती का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गारापुर गांव की हिना पुत्री हनीफ के अनुसार तेरह अक्टूबर 2021 को दोपहर करीब बारह बजे वह अपने भाई नदीम के साथ बाइक से लालगंज बाजार से घर वापस जा रही थी। लालगंज कोतवाली के टेढ़ुई मोड़ धधुआ गाजन में मौजूद गांव के सलीम व उसकी पत्नी सबाना तथा एक अज्ञात ने जबरन रोक लिया। आरोप है कि आरोपीगणों ने पीड़िता की बाइक को खुद की बाइक बताते हुए जबरन छीन लिया। मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नही हुई। परेशान पीड़िता ने कोर्ट में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगायी। कोर्ट के आदेश पर गुरूवार को पुलिस ने सलीम समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रथम द्दष्टया जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बेटे को फर्जी तरीके से फसाए जाने की आशंका से दिया प्रार्थना पत्र

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा एक महिला के दो बेटों को रंजिशबस जबरन मुकदमे में फसाने की आशंका पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पट्टी में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की रहने वाली अर्चना पांडे पत्नी विजय शंकर पांडे ने बताया कि उनके दो बेटों का समरसेबल का इंजन चुराते हुए किसी ने वीडियो बना लिया है जिसको लेकर आरोपी द्वारा जबरन मुकदमे में फसाए जाने की धमकी दी जा रही है पीड़ित महिला ने अपने दोनों बेटों को निर्दोष बताया है और इस संबंध में पुलिस को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है कि बेटों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत ना किया जाए क्योंकि यह आरोपियों की साजिश है।

## 25 हजार का इनामी वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ मे हुई अपराधिक वारदातों के अनावरण व सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे जनपद के थाना पट्टी से प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मय हमराह व एसटीएफ टीम लखनऊ के हे0 का0 विजेन्द्र नाथ व का0 अमित यादव द्वारा संयुक्त रूप से देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के लवेदा चैराहे के पास से थाना पट्टी के मु0अ0सं0 69/21 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित ईनामी वाँछित अभियुक्त दिलीप कुमार यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी ग्राम वरचैली थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# अपने अखण्ड सौभाग्य को लेकर आधी रात तक महिलाओं ने की पूजा अर्चना

### चलनी में चांद देखकर पूरा किया निराजली व्रत

अखंड भारत संदेश



पूजा अर्चना करती शहर के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं।

**प्रतापगढ़।** शहर से लेकर गांव तक देर रात तक करवा चैथ की पूजा होती रही। महिलाओं ने अपने अखण्ड सौभाग्य के लिये दिन भर का निराजल व्रत रखकर देर शाम पूजा अर्चना शुरू किया। ज्यादातर लोगों को चांद निकलने का समय साढ़े नौ बजे से दस बजे रात तक मानकर रात आठ बजे के बाद पूजा अर्चना शुरू की गई तो रात ग्यारह बजे के बाद जल ग्रहण कर अपना व्रत पूरा कर पाई।

भाजपा महिला मोर्चा की नेता सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पति बाहर थे, फिर भी वीडियो काल से वह पूरी पूजा में साथ बने रहे और अंत में उन्होंने वीडियो काल पर ही आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार विवेक नगर की रीता सिंह ने बताया कि रात में प्रसाद ग्रहण करने में रात बारह बजे गये थे। इसी प्रकार शिक्षिका प्रियांशी ने बताया कि गांव में समय का पता ही नहीं चला, इसलिये पूजा अर्चना के बाद आधी रात तक प्रसाद ग्रहण किया गया। बता दें कि इस बार 8.05 बजे लखनऊ व प्रयागराज में चंद्रमा दिखने की घोषणा अखबारों व टेलीविजन पर हुई थी लेकिन जो लोग अखबार व टीवी से दूर रहे, उन्होंने अंदाज से अपनी पूजा शुरू की। शहर में बेल्हा देवी मंदिर, बलीपुर का शिव मंदिर सहित अनेक मंदिरों में आधी रात तक महिलाओं का जमावड़ा रहा।

# पीला वस्त्र पहनकर महिलाओं व पुरुषों ने अर्जुनपुर में निकाली कलश यात्रा

## अर्जुनपुर गांव में शुरू हुई सात दिवसीय कथा, भक्तमय हुआ क्षेत्र

अखंड भारत संदेश



कलश यात्रा में शामिल पुरुष व महिलाएं।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीमद भागवत कथा के पूर्व महिलाओं ने भक्ति परिधान में सिर पर कलश रखकर भक्तिमय होकर यात्रा निकाली, जिसमें सकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।इस दौरान पुरुष व महिलाओं का हुजूम भक्तिमय दिखाई दिया।

स्थानीय क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में गुरुवार को पूजा-अर्चना के बाद सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ हुआ। इस दौरान सकैडो महिलाओं ने गाजे-बजे के साथ मंगल गीत गाती हुई सिर पर कलश रखकर भक्तिमय होकर यात्रा निकाली। कलश यात्रा कथा स्थल से रानीगंज बाजार होती हुई सेवांक बाबा के बाद राम जानकी मंदिर पहुंची। वहां पूजा-अर्चना के बाद गांव भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर पहुंचकर यात्रा संपन्न हुई। इसके बाद कथा शुरू हुई। कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने भगवान श्री नारायण के सुंदर रूप का वर्णन सुनाया। कथा में आए दूर दराज के लोगो ने भक्तिमय होकर भगवान के अति मनोहारी रूप के वर्णन का रसपान किया। मुख्य यजमान जगदीश बहादुर सिंह व शांती देवी ने कथा श्रवण के बाद श्रीमद भागवत भगवान की आरती करने की उसके पश्चात कथा व्यास का आशीर्वाद लिया। नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार व पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश प्रताप सिंह ने कथा में आए हुए सभी भक्तगणों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर देवी बक्श सिंह, सुरेश सिंह, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, उमेश प्रताप सिंह, नीति सिंह, प्रतिमा सिंह, रेखा सिंह, रूबी सिंह, शालू सिंह, डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, गया मिश्र, शीलू महाराज, वायु नंदन, केडी पांडेय, राज कुमार सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लेकर पुण्य का लाभ लिया।

# एमडीपीजी कालेज में आयोजित हुई जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं

### एसवीएम कालेज लालगंज का रहा दबदबा

अखंड भारत संदेश



एमडीपीजी कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद प्राचार्य एवं अध्यापकगण।

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज के युवोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीपीजी कॉलेज में आज पांच जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें एसवीएम कॉलेज लालगंज का दबदबा रहा।

सुगम गायन में एस वीएम लालगंज के प्रभात तिवारी प्रथम एवं एमडीपीजी कॉलेज की साइना बानो को द्वितीय स्थान मिला। पीवीपीजी कॉलेज की रिचा त्रिपाठी एवं भागवत दत्त लालगंज की शालिनी त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रही। शास्त्रीय गायन में एसवीएम लालगंज की अंजली मिश्रा को प्रथम एवं एमडीपीजी कॉलेज के आनंद मिश्र को द्वितीय स्थान मिला। समूह गायन में एसवीएम लालगंज को प्रथम, एमडीपीजी कॉलेज को द्वितीय एवं पीबीपीजी कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

एकल वादन के पाश्चात्य शास्त्रीय वादन में एमडीपीजी के आनंद मिश्र को प्रथम एवं पीबीपीजी कॉलेज के रोहित भारती को द्वितीय स्थान मिला। भारतीय शास्त्रीय वादन में एसवीएम कॉलेज लालगंज के प्रभात तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन एवं प्रो रमेश चंद्र शुक्ल के संयोजन में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा की सभी प्रतिभागियों ने पूरे ही मनोयोग से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सभी बधाई के पात्र हैं।

हमारा यह हुनर और अधिक विकसित हो इसके लिए हमें सदैव प्रयत्न करते रहना होगा। प्रो पीयूषकांत शर्मा, प्रो अरुण कुमार तिवारी, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ सी एन पांडे, डा अरुण वर्मा, डा संतोष कुमार पांडे, डा ऊषा दुबे, डा पूनम पांडे आदि ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

## ज्ञान व विज्ञान के क्षेत्र में मेधाशक्ति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से लहरा रहा भारत का परचमः मोना

### वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को किया मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नसीरपुर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बृजेश चंद्र कौशिक इण्टर कालेज में गुरूवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की छात्रा निशा पाल, अंकिता मौर्या, रिज्जो बानो, पूजा, साक्षी, सोनी, मधू जायसवाल ने सरस्वती वंदना तथा छात्रा दीपा सिंह कोमल रजक, श्वेता गुप्ता व गरिमा सिंह ने स्वागत गान की प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्यअतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आज भारत की मेधा शक्ति वैश्विक पटल पर ज्ञान व विज्ञान के क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि भारत अपने ज्ञान की बदौलत ही आज चंद्रयान व गगनयान तक की सफलता का गौरवशाली अध्याय अपने नाम कर सका है। विधायक मोना ने शिक्षा मनीषियों से आहवान किया कि देश को सफलता के हर क्षेत्र में स्वर्णिम नेतृत्व प्रदान करने के लिए वह मेधावियों को राष्ट्रीय परिवेश की मजबूती पर आधारित शिक्षा का दान दे। उन्होने कहा कि देश की बहुआयामी सफलताओं और विकास में आज बेटियों का भी गौरवशाली योगदान हमारी राष्ट्रशक्ति की सबसे बड़ी संकल्पना को साकार बना रही है। वार्षिकोत्सव में पहुंची विधायक आराधना मिश्रा ने विद्यालय में शिक्षण कक्ष के निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से दो लाख रुपए तथा सोलर लाईट की सौगात सौंपी। वहीं उन्होनें स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से नसीरपुर बाजार में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्ट का भी ग्रामीणों को तोहफा सौंपा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शशिकांत पाण्डेय, प्रधान रामदेव पाल, लाल वीरेन्द्र प्रताप सिंह, रामकिशोर मौर्य, जुम्मन खां, जगप्रताप सरोज, रामसुख बाल्मीकि, गिरधर सिंह, द्दगपाल यादव, अशोक द्विवेदी, रिंकू सिंह परिहार, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल आदि रहे।

## स्कूटी से स्कूल जा रही छात्रा की पिकप की टक्कर से मौत, कोहराम

### मृतक के शिक्षक पिता समेत परिजनों को रो रो कर बुरा हाल

### शिक्षक साथी की पुत्री की मौत पर शिक्षकों ने जतायी गहरी संवेदना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूटी से स्कूल जा रही छात्रा को रास्ते में पिकप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

लालगंज कोतवाली के माधव का पुरवा पूरे तिलकराम निवासी राजेश वर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़हुंआ में सहायक अध्यापक हैं। उनकी पुत्री श्रुति पन्द्रह वर्षीया आन्इसटीन पब्लिक स्कूल धधुआ गाजन में कक्षा बारह की छात्रा थी। वह गुरूवार सुबह करीब आठ बजे स्कूटी से स्कूल जा रही थी। रास्ते में भवराम बोझी स्थित नहर पुलिया के बगल से गुजरे सड़क पर पिकप डाला ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्कूल जा रहे बच्चों ने घटना की सूचना प्रधानाचार्य मनोज ओझा को दिया। आननफानन में मौके पर पहुंचे शिक्षक छात्रा को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले आये। इधर सूचना मिलने के बाद छात्रा के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गये। छात्रा की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। छात्रा के मौत की जानकारी होते ही शिक्षक पिता राजेश व मां सुदामा देवी व परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक छात्रा दो भाई व एक बहन थी। इधर शिक्षक साथी की पुत्री के मौत की सूचना मिलने पर साथियों में शोक की लहर फैल गयी। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र व महामंत्री विष्णु सिंह, सतीश दुबे, प्रदीप पाण्डेय, हेमंत ओझा, राजेश मिश्र, आदि ने गहरी संवेदना जतायी है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि छात्रा के शव का पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ी कठिन है ड़गरिया लवाना की बजरिया

### परियावां लवाना मार्ग पर साईकिल सवार गिरकर हो रहे चोटहिल

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार का खौफ लोकनिर्माण विभाग पर नही दिखाई दे रहा है तभी तो अभी तक मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद भी परियावा लवाना मार्ग की जर्जर सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी। प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय हाइवे मार्ग से जुड़ा परियावां लवाना मार्ग की हालत बद से बदतर हो गयी है, जिस पर से लोगो को साईकिल से चलना दुभर हो गया डाक बंगला नई कोठी से पाईकगंज बाजार प्राथमिक बिद्यालय परियावां तक व परियावां रेलवे फाटक से हवेली तक व मदरसा स्कूल से अंसारगंज बाजार व राजा का पुरवा से अदलाबाद लवाना बाजार तक सड़क का नामो निशान मिट गया है जगह जगह सड़क गड्ढो मे तब्दील हो गयी है सडक पर पानी नाली से बहने वाली गंदा पानी गड्ढे मे भर जाता है। जिस पर नौनिहाल बच्चे से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक के छात्र छात्राएं स्कूल कालेज पढ़ने के लिए जाते समय गड्ढे मे गिरकर चोटिल हो जाते है।

# पीटी में कुण्डा व राष्ट्रीय एकांकी में मानधात रहा अव्वल

### जिला स्टेडियम में हुई बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश



बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागीगण।

**प्रतापगढ़।** जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिह के निर्देशन में पिटी व्यायाम प्रदर्शन ,रास्ट्रीय एकांकी ,लोकगीत लोक लोकनृत्य की प्रतियोगिता जिला स्पोर्ट स्टेडियम में संपन्न हुआ। राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर की देख रेख में प्रतियोगिता देख रेख में कराई गई। मुख्य निर्णायक की भूमिका में खण्ड शिक्षा अधिकारी गण जिसमें सुशील कुमार त्रिपाठी, जग्गी लाल,सन्तोष कुमार वर्मा वंशीधर पांडेय, प्रभाकर यादव, रविशंकर उपध्याय रहे।पीटी में विकाश खण्ड कुंडा प्रथम व विकाश खण्ड पट्टी द्वतीय रहा। राष्ट्रीय एकांकी में विकास खण्ड मान्धाता प्रथम व विकाश खण्ड गौरा द्वतीय रहा। राष्ट्रीय लोक गीत/लोकनृत्य में विकाश खण्ड मान्धाता प्रथम व विकाश खण्ड गौरा द्वतीय रहा। राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़ ने आये हुए सहयोगियों में ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुदीप पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, शैलेष सिंह, पंकज सिंह, आदित्य त्रिपाठी, मनोज भारती, राजीव सिंह, कौशलेंद्र सिंह, सुभष पांडेय, कमलेश सिंह खुर्सीद अलीव अभिलेख में राजेश सिंह, आशुतोष सिंह सदर भोलेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह पवन सिंह सांडवा चंद्रिका रहे। टीम प्रभारी रेखा मिश्रा, मो फरहीम सुरेंद्र गिरी अखिलेश पाण्डेय का आभार प्रकट किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवसरा सुशील त्रिपाठी ने सभी जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम आये हुए प्रतिभागियों को मण्डल में विजय के लिए अग्रिम शुभकामनाएं व आशिर्वाद दिया।

संपादक की कलम से

# 70 घंटे काम की निष्ठुर सलाह

**प्रसिद्ध** आईटी कम्पनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति भारत के सफलतम व्यवसायियों में से एक है जिन्हें ऐसा स्वप्नद्दष्टा और महत्वाकांक्षी कारोबारी कहा जाता है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी और इन्फोसिस की कामयाबी की कथाएं आधुनिक प्रबन्धन के पाठों के रूप में दर्ज हैं। वैसे तो उन्हें एक उदार मालिक के रूप में समझा जाता था लेकिन उन्होंने यह कहकर अपना और समस्त भारतीय उद्योग जगत का क्रूर व शोषक चेहरा सामने ला दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है।

नारायण मूर्ति की यह सलाह इसलिये हैरान कर देने वाली है क्योंकि वह आधुनिक कार्य संस्कृति के विरूद्ध है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतम काम लेना मध्ययुगीन सोच है। पहले जब श्रम कानून नहीं बने थे और कामगारों के अधिकारों की सोच विकसित नहीं हुई थी, अधिकतम उत्पादन लेने के लिये उनसे कसकर काम लिया जाता था। वे लगभग गुलामी के हालात थे।

जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है।

इसके विपरीत भारत समेत तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी के ज्यादातर देशों के औद्योगिक एवं कारोबारी प्रतिष्ठान कर्मचारियों से निष्ठुरतापूर्वक काम लेते हैं। उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। अन्य सुविधाएं भी न्यूनतम हैं। संगठित क्षेत्र में तो फिर भी उन्हें ठीक-ठाक तनख्वाह एवं अन्य सुविधाएं मिलती हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन का एक तरह से कोई माई-बाप ही नहीं है। फिर, ठेका कम्पनियों में और भी बुरा हाल होता है। गिनती के उद्योग-धंधों में श्रमिकों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। उन्हें बहुत कम वेतन में और कानूनी रूप से तयशुदा काम के घंटों से अधिक समयावधि तक काम करना होता है।

# चुनावी सर्वे: कायम रहेगा राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज

बाल मुकुन्द ओझा

**चुनाव** आते ही सर्वेक्षणों की बहार आ जाती है। खबरिया चैनल सर्वे एजेंसियों के माध्यम से इस प्रकार के सर्वे कराकर जनता की राय लोगों के समक्ष रखने का प्रयास करती है और संभावित जीत- हार के अनुमान पेश करती हैं। कई बार इन सर्वेक्षणों के नतीजे चुनावी नतीजों के करीब बैठते हैं तो कई बार औंधे मुंह गिर जाते हैं। मतदाताओं का मूड भांपने का दावा करने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में कई बार लोगों और राजनीतिक दलों की दिलचस्पी दिखाई देती है। चुनाव आयोग ने सात नवम्बर से इस प्रकार के किसी भी सर्वे पर रोक लगा दी है। हम बात कर रहे है राजस्थान में 25 नवम्बर को होने जारहे विधान सभा चुनाव की। अभी सत्तारूढ़ कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अपने पूरे पते नहीं खोले है। जितनी सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये है उनमें बहुत सी सीटों पर दोनों पार्टियों को बगावत का सामना करना पड़ रहा है। दल बदल का सिलसिला भी शुरू है। राजस्थान में पिछले कई चुनावों से हर पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज है। इस रिवाज को बदलने के लिए जहाँ सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का पासा फेंक कर जीत के लिए जी तोड़ प्रयासरत है तो भाजपा नाकामियां गिनाकर चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। ताजा ओपनियन पोल टाइम्स नाउ नवभारत और ईटीजी ने कराया है जिसमें भाजपा के जीत की भविष्यवाणी की गई है। टाइम्स नाउ नवभारत और ईटीजी के ताजा सर्वे के मुताबिक राज्य में बीजेपी की सरकार बनेगी। सत्तारूढ़ कांग्रेस बहुमत से काफी दूर रहेगी। सर्वे के अनुसार बीजेपी को 114 से 124 सीटें मिल सकती है। इससे पूर्व राजस्थान के दो सर्वे चर्चा में रहे थे जो कुछ माह पूर्व कराये गए थे । दोनों अलग अलग एजेंसियों द्वारा कराये गए। दोनों ही सर्वे में भाजपा को आगे दिखाया गया। इसका मतलब यह निकाला जा रहा है की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बांटी जा रही रेवड़ियों को मतदाताओं ने सिरे से नकार दिया है। पहला सर्वे एबीपी सी वोटर्स का था जो विधान सभा चुनावों का था। दूसरा ओपिनियन पोल इंडिया टीवी सीएनएक्स द्वारा कराया गया था। यह सर्वे लोकसभा चुनावों का था। पहले सर्वे में प्रदेश में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की गई। सर्वे में भाजपा को 109 -119 और कांग्रेस को 78 -88 सीटें आने का अनुमान व्यक्त किया गया।

# खुदकुशी का बढ़ता दायरा एवं विकृत होती संवेदनाएं

ललित गर्ग




**सभ्य समाज** में आत्महत्या या छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाओं का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। आत्महत्या एवं हत्या की खबरें तथाकथित समाज विकास की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। इस तरह आत्महत्या एवं हत्या करना जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना हत्या का शिकार हुआ या आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दुःखी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। गुजरात के सूरत से एक हैरतअंगेज एवं त्रासद मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत से हर कोई हैरान है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा यह परिवार सूरत के अडाजन इलाके के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में रह रहा था, वहीं पर उनका बेटा मनीष उर्फ शान्तु सोलंकी पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका था, जबकि कनुभाई उनकी पत्नी शोभनाबेन, मनीष की पत्नी रीटा, मनीष की 10 और 13 साल की दोनों बेटियां दिशा और काव्या साथ ही छोटा बेटा कुशल का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। ऐसी ही त्रासद घटना 1 जुलाई 2018 दिल्ली के बुराड़ी में भी हुई, जिसने हर किसी को दहला दिया था। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है, तभी ऐसी विकराल घटनाएं संस्कृति के भाल पर बदनुमा दाग बनती जा रही है।

आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है।

तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं। महानगरों में बढ़ती आर्थिक समस्याओं, कर्ज, तंगी, सामाजिक प्रतिष्ठा, बढ़ते असुरक्षा, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति पलायनवादी दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब वे स्थितियां भयावह, चिन्ताजनक एवं खौफनाक स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सिने-स्टार, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना, पंखें से लटक जाना, जहर खा लेना और बंदूक हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह, कैरियर एवं उच्च शिक्षा परिणाम की चिन्ता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य का जब सामने होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, व्यापारिक घाटा, बढ़ता कर्ज एवं राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं।

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह-तंगी एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं। हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराए। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं।

पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुद्कुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं।

निश्चित रूप से इसके लिए देश की व्यापारिक स्थितियां जिम्मेदार हैं, पर इसमें सामाजिक बेपरवाही और संवेदनात्मक संकुचन भी कम जिम्मेदार नहीं है। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से देश में कारोबारी स्थितियां अच्छी नहीं हैं, बहुत सारे लोगों को अपने धंधे बंद करने पड़े, कई कारोबारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पार पाने के लिए उन्होंने जीवन समाप्त करने का रास्ता ही चुना।

आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दशार्ती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे महानगरों के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी, इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति का चिंतित होना स्वाभाविक है। यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़े और उसमें किसी की जान चली गयी। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं के दौरान यही साफ होता है कि सामान्य विवेक का इस्तेमाल कर मसले को सुलझाने की बजाय लोग पहले हिंसा का ही सहारा लेते हैं। वक्त के साथ आधुनिक होते समाज में उम्मीद की जाती है कि लोगों के बीच संवेदनशीलता, मानवीयता एवं अहिंसा के सूत्र गहरे होंगे, वे आपस में सहयोग की जड़ों को और मजबूत करेंगे। मगर ऐसा लगता है कि न केवल संवेदना, सहिष्णुता और सहयोग की जगह खत्म होती जा रही है, बल्कि हालत यह है कि बेहद मामूली बातों के लिए भी लोग जानलेवा हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। इसका सीधा-सा अर्थ तो यही हुआ कि आज ज्यों-ज्यों विकास एवं सुविधावाद के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, त्यों-त्यों सहिष्णुता-संवेदना के आदर्श धूल-धूसरित हो रहे हैं और मनुष्य आत्महंता एवं हिंसक होता रहा है।

# केरल विस्फोटों पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण



**केरल** के एनार्कुलम जिले के कलामासेरी में रविवार की सुबह ईसाइयों की एक प्रार्थना सभा में 5 मिनटों के भीतर एक के बाद एक हुए तीन बम विस्फोटों से दो महिलाओं की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत बहुत गम्भीर बतलाई गई है। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। तीन दिवसीय प्रार्थना कार्यक्रम के समापन अवसर पर चर्च के कन्वेंशन सेंटर में करीब दो हजार श्रद्धालु उपस्थित थे जब ये विस्फोट हुए। जिस जगह पर धमाके हुए वह येहोवा विटनेस ईसाई समूह का है। जिसने बम विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए त्रिशूर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, वह खुद को इसी समुदाय से सम्बद्ध बतलाता है। हालांकि समुदाय ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। उस व्यक्ति के अनुसार यह धार्मिक समुदाय लोगों में विद्वेष फैलाता है तथा केरल के लिये हानिकारक है। इससे व्यथित होकर उसने विस्फोट किये।

शनिवार को मल्लपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दूसरे दिन ये विस्फोट हुए, जिसे हमास के एक नेता खालिद मशेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया था। इसलिये बम विस्फोटों को लेकर अब सियासी रंग देने की कोशिशें प्रारम्भ हो गई हैं। कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने लोगों से शांति की अपील की है वहीं इस विस्फोट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को ही घेर लिया है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बहुत खतरनाक राजनीति कर रही है।' उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'यही मोहब्बत की दूकान का असर है।' त्रिवेदी का कहना था कियह देश की सुरक्षा, संवेदनशीलता व सामाजिक सौहार्द्र तीनों के लिए खतरनाक है।

भाजपा की सरकार आने से पहले भारत का कोई भी ऐसा कोना नहीं था जहां धमाके नहीं हो रहे थे। आज सारी चीजें नियंत्रित हुई हैं लेकिन ये (कांग्रेस व विपक्षी दल) इस कीमत पर भी राजनीति करने को तैयार हैं। उनके अनुसार, 'मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर यही है।' साथ ही केरल के भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस केजे का कहना है कि 'स्थिति बेहद गंभीर है। मैं लंबे समय से चेतावनी दे रहा हूं कि केरल में दोनों लेफ्ट और राइट आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। केरल में यह बहुत लंबे समय से हो रहा है। आज केरल आतंकवाद की चपेट में है। इसे रोकना होगा।'

हालांकि त्रिवेदी यह नहीं बतला सके हैं कि इसका कांग्रेस से क्या सम्बन्ध है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि घटना के संबंध में विवरण एकत्र किये जा रहे हैं। विस्फोटों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी विजयन से बात की और राज्य की स्थिति की जानकारी ली। असली बात यह है कि एनआईए और एनएसजी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर ही रही है तथा उसके बाद भी किसी बात के पुख्ता प्रमाण अभी नहीं है।

ऐसे में इसके लिये किसी को दोषी ठहराना अपने आप में गैर जिम्मेदाराना है। इस घटना को लेकर देश के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। जाहिर है कि यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इसे लेकर किसी भी तरह के हल्के या गैर जिम्मेदाराना बयान घातक हो सकते हैं। सभी दलों को चाहिये कि वे न केवल जिम्मेदारी के साथ इस पर बोलें वरन राज्य में शांति और अमन कायम करने की दिशा में भी मिलकर काम करें।

सवाल यह है कि भाजपा नेता क्यों कर इस घटना को लेकर इस तरह का बयान दे रहे हैं? इसका जवाब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखने पर मिल सकता है। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है जब देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और उन सभी में भाजपा की हालत पतली है। कम से कम तीन राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में उसका मुकाबला कांग्रेस से है तो वहीं तेलंगाना में उसे पीछे हटाकर सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति से मुख्य मुकाबले में कांग्रस ही आ गई है। रहा मिजोरम, तो वहां भी भाजपा की स्थिति सबसे फिसड्डी है। कांग्रेस अपने चुनावी अभियानों में जमीनी मुद्दों को लेकर सामने आई है। उसका फोकस न्याय योजनाओं तथा सशक्तिकरण पर है तो वहीं भाजपा के पास विकास सम्बन्धी कोई मुद्दे नहीं हैं जिसे लेकर वह जनता के सामने जाये। अब भी वह कांग्रेस तथा प्रतिपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के छापे डलवाकर चुनाव जीतना चाहती है। इसके अलावा वह सामाजिक ध्रुवीकरण के ही सहारे टिकी हुई है। चुनावी राज्यों में उसका एजेंडा साम्प्रदायिकता फैलाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी झोली में डालना है। हालांकि जिस प्रकार से इन सभी राज्यों में कांग्रेस की आंधी चल रही है, उससे भाजपा के मुद्दों को जनता की ओर से कोई तवज्जो नहीं मिल रही है। केरल हमेशा से ही भाजपा की आंखों की किरकिरी बना हुआ है क्योंकि वहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में किसी भी भाजपायी उम्मीदवार को सफलता नहीं मिली थी। इस बार लोकसभा चुनावों के लिये जो संयुक्त विपक्ष बना है उसमें भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस सहयोगी हैं जिसके कारण भाजपा की इस सर्वाधिक शिक्षित राज्य में पांव जमाने की कोई कोशिश सफल नहीं हो रही है। इसलिये इस बम विस्फोट को सियासी तौर पर भुनाने का कोई मौका भाजपा छोड़ना नहीं चाहती- चाहे ऐसा करना देश के लिये कितना भी खतरनाक क्यों न हो।

# रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

नन्तू बनर्जी

**राजनीतिक** रूप से, यह प्रतिदिन 240 मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलजारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे। अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा



प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है। रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये। आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड खराब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है। वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये।

## शोहदों-मनचलों पर होगी कार्यवाही, टीमों ने किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास की जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले की सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सम्बन्धी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटीरोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व गांवों का भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया। सार्वजनिक स्थलों- चैराहे, बाजार को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणी की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत विभिन्न फोन नम्बर बताये। सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायतें सुनती हैं। समय से निस्तारण होता है। मौजूद महिलाओं-बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पंपलेट बांटे। जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताया।

## पुलिस ने दुराचार आरोपी को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की टीम ने पॉक्सो एक्ट के नामजद वांछित सादिक पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी नटों का डेरा मजरा बांधी थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पांण्डेय, सिपाही अजीत यादव व राजमंगल शामिल रहे।

## स्वास्थ्य शिविर से मरीजों ने उठाया लाभ




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने स्वास्थ्य शिविर नूरानी मस्जिद कर्वी में लगाया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने मरीजों को देखकर दवायें दी।

गुरुवार को गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली, डॉ अफसर उल्ला, सैयद अख्तर, मुस्ताक अहमद खां, दानी हैदर भाई, मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब, गुलाब खां, हाजी अब्दुल जमील सिद्दीकी की मौजूदगी में डॉ बीके शुक्ला, डॉ बिलाल अहमद, आयुष चिकित्सक अभिलाष खरे, फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह, रमाकान्त आदि स्टाफ ने मरीजों को देखकर दवायें उपलब्ध कराईं।

नूरानी मस्जिद में लगे स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया। इस मौके पर तमाम मरीजों ने अपना इलाज कराकर शिविर में मौजूद लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सभी समितियों में डीएम उपलब्ध करायें खाद: विधायक , खाद न मिलने से किसानों की पिछड रही फसल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले की सहकारी समितियों में यूरिया व डीएपी खाद न होने बाबत जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि समस्त सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराई जाये।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में डीएपी व यूरिया को किसान बेहद परेशान व हताश हैं। किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है। परेशान किसान सवेरे घर से निकलकर ठंड में सहकारी समिति खाद विक्रय केन्द्रों में दिनभर खाद मिलने की आस में लाइनों में लगे रहते हैं। बाद में पता चलता है कि खाद नहीं है। वे निराश होकर घरों को लौट जाते हैं। आये दिन यही सिलसिला होने से किसानों को भारी पीडा हो रही है। खाद न मिलने से किसान रबी फसल की बुवाई समय से नहीं कर पा रहे। दिन-प्रतिदिन फसल की बुआई का समय निकलता जा रहा है। जिला प्रशासन के दावे हैं कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। पर्याप्त मात्रा में खाद है तो सहकारी समितियों में क्यों नहीं भेजी जा रही। क्यों किसानों को प्राइवेट दुकानों से यूरिया व डीएपी खरीदने को बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने जिले की सभी सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

# राजस्व कर्मी ही ओढे हैं भू-माफिया का चोला

## तमाम कीमती जमीनों पर हैं पूर्व-मौजूदा कर्मियों के कब्जे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के समक्ष सीतापुर के प्रभातगिरि आदि का एक मामला सामने आया है। ऐसे मामले जिले में तमाम हैं। इन मामलों के जिम्मेदार तहसील कर्वी के पूर्व व वर्तमान राजस्व कर्मी ही हैं। ये राजस्व कर्मी भू-माफियाओं का आवरण ओढकर तमाम जमीनों के नामी-बेनामी मालिक बने हैं।

इसका खुलासा गुरुवार को हुआ है। बताया गया कि कर्वी तहसील के दस किमी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बडे पैमाने पर हेराफेरी की गई है। राजस्व के मौजूद-सेवानिवृत्त कर्मियों की इसमें बडी भूमिका है। इनमें सबसे बडा भू-माफिया पूर्व लेखपाल आरडी सिंह खासा कुख्यात रहा है। 229 बी के मामले एसडीएम के यहां दायर कर लेखपालों से मिलीभगत कर सरकारी जमीन हथियाई गई है। एसडीएम की अनुमति से दो कौडी की जमीन के बदले उतनी ही जमीन की जगह कीमती जमीन हासिल की गई है। सूत्रों ने बताया कि कलेक्टेज्ट के एक सेवानिवृत्त कर्मी ने बाबूपुर मोड के पास कीमती जमीन हथियाने का इसी तरह से खेल किया था। इस बाबत यहां जिलाधिकारी रहे बलकार सिंह ने ऐसी जमीनों की जांच बाबत फाइल भी बनाई थी। राजस्व कर्मियों की बडे पैमाने पर जांच के चलते ये फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इस तरह की जमीनों के तमाम मामले जिला मुख्यालय समेत दस किमी की परिधि में हैं। इन्हें लेकर भू-माफियाओं ने बुलंद हौसलों के चलते राजस्व कर्मियों से मिलीभगत कर कीमती जमीनें हथियाई है। पूर्व जिलाधिकारी बलकार सिंह के जांच के चलते राजस्व कर्मियों पर एफआईआर की नौबत आ गई थी। भू-माफियाओं ने पिपरावल नाले को सिकोडकर छोटी सी नाली बना दी है, जबकि इस नाले का रकबा खासा चैडा था। इसी तरह से लाल डिग्गी तालाब में तमाम लोगों ने वैध-अवैध ढंग से घर बना लिए हैं। अब लाल डिग्गी तालाब का वजूद गायब हो गया है। पूर्व तहसीलदार बीडी गुप्ता ने काम भी रुकवा दिया था। फिर भी तालाब का वजूद मिट्टी में मिला दिया गयाा। डिग्गी तालाब में भी भू-माफियाओं की निगाहें लगी हैं। इसमें भी कुछ लोगों ने कूडा-कबाड फेंककर अवैध कब्जे कर लिए हैं।

**क्यों नहीं टेढी हो रही डीएम की भृकुटी?**

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** इसी तरह जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड स्थित सडक नम्बर 441 जिला पंचायत की सडक थी। हाईवे पर स्थित इस सडक पर लोगों ने तकरीबन पचास दुकानें बनाकर अवैध ढंग से किराया वसूल रहे हैं। जिला प्रशासन इस ओर से आंखें मूंदे है। बस स्टैण्ड स्थित शंकर ढाबा के ठीक सामने हीरामन जायसवाल से लेकर राधेरमन पाण्डेय तक तकरीबन तीस फुट चैडी व दो सौ मीटर लम्बी सडक जिला पंचायत की थी। इस सडक पर लोगों ने अवैध ढंग से दुकानें बनाकर अवैध कब्जा कर मौज मार रहे हैं। ऐसे अवैध कब्जों पर जिलाधिकारी की भृकुटी क्यों नहीं टेढी हो रही। जबकि इस सडक से अवैध कब्जा हटने पर लोगों को आवागमन में सुविधा हो जायेगी। सडक पर भीड का दबाव बढने पर लोग इस सडक से निकलकर कोठी तालाब होते हुए अन्य रास्तों पर निकल सकेंगे।

# गलाघोंटू की रोकथाम को टीकाकर□ का हुआ शुभारम्भ

## डीएम ने शासन मंशानुसार कार्य के दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** एक से दस नवम्बर के बीच डिप्थीरिया (गलाघोटू) बीमारी की रोकथाम को डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण को स्कूल आधारित अभियान शुभारम्भ बाबत नियमित टीकाकरण के तहत बुधवार-शनिवार छोड़कर स्कूल बेस्ड डिप्थीरिया/टीडी वैक्सीनेशन अभियान चलाने के शासन से निर्देश मिले हैं।

गुरुवार को शासन से मिले निदेर्शों के तहत चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, ड्रिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की मौजूदगी में टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर किया। सीआईसी में 25 बच्चों का टीकाकरण एएनएम श्रीमती प्रियंका, आशा कार्यकत्री श्रीमती शमीम बेगम ने किया। डिप्थीरिया (गलाघोंटू) बीमारी की रोकथाम को डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण को स्कूल अभियान के शुभारम्भ में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक स्कूल के रोस्टर अनुसार कक्षा एक से पांच एवं कक्षा दस के छात्र-छात्राओं के स्कूल पंजीयन अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना है, ताकि शासन की मंशानुसार बीमारी की रोकथाम को अभियान सफल हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस से भी तालमेल करें। प्रत्येक स्कूल/विद्यालय में टीकाकरण दौरान एक अध्यापक को नोडल अधिकारी नामित करायें, ताकि संचालन ठीक से हो सके। डीपीटी/टीडी के तहत स्कूल अभियान शुभारम्भ में सीएमओ समेत जिला स्तरीय अधिकारियों में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एसएमओ डब्लूएचओ, डीएमसी यूनीसेफ, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डीसीपीएम, डीडीएम, परिवार कल्याण समन्वयक, एनएचएम जिला सूचना अधिकारी, जिला समन्वयक, लेखा सहायक एनयूएचएम, डाटा सहायक आरआई, डीआईओ एनसीडी समेत चित्रकूट इण्टर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# डॉ जैन समेत छः नेत्र चिकित्सक अलग-अलग अवार्डों से सम्मानित




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** परम हंस संत रणछोड़दास जी के स्थापित ख्यातिलब्ध सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुण्ड के नेत्र चिकित्सकों ने मप्र राज्य आप्थलमिक सोसाइटी उज्जैन में प्रदेश स्तरीय 46वें नेत्र विशेषज्ञ सम्मेलन में हिस्सा लिया।

गुरुवार को सम्मेलन के मुख्य विषय सेवा व सहयोग में हिस्सा लेने वाले नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र बाबत तमाम बीमारियों पर चर्चा की। अपने अनुभव साझा किये। नेत्र संबंधी होने वाली गंभीर बीमारियों से निपटने के विषयों पर मंथन किया। नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में देश में नही, बल्कि विश्व में अलग पहचान बनाने वाले श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन को नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में परिश्रम कर जो नाम कमाया है, उसके लिए उन्हें सम्मेलन में प्रतिष्ठित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के डॉ आलोक सेन, डा एचसी सेतिया का वीडियो पुरस्कार, डा राकेश शाक्य को डा रमेश कृष्ण अग्रवाल मेमोरियल अवार्ड, डा चिंतन एम शाह को लो विजन एड्स अवार्ड, डा सुप्रिया खरे को डा आर पी ढांडा मेमोरियल अवार्ड, डा अमृता विजय मोरे को प्रो बी शुक्ला पुरुस्कार से सम्मानित किया। डा फरहीना कुलसुम को 40 वर्ष से कम की गैर शिक्षक श्रेणी में मान्यता प्रदान की गई। डा सोनल पालीवाल, डा अभिराम ठाकुर ने फ्री पेपर रेटीना प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। समस्त सदगुरू परिवार ने उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सभी प्रतिभागियों व सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षकों की लडाई पुरजोर ढंग से लडेगा संगठन: अखिलेश पाण्डेय



**अखंड भारत संदेश**
**पहाड़ी/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पहाड़ी ने वार्षिक अधिवेशन पर शैक्षिक गोष्ठी बीआरसी सभागार पहाड़ी में किया। गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्य समिति व ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री, ब्लाक पहाड़ी संघर्ष समिति पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकायें शामिल हुए। ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी अमित कुमार पाण्डेय के आयोजकत्व में जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय आदि अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया।

जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, जिला मंत्री श्रीनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष हरिशंकर तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष व मंत्री ने माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। रामभूषण पांडेय के एक वर्ष के कार्यकाल की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों को अधिकारों के प्रति संगठित होकर कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। शिक्षकों की समस्या की लड़ाई जिले से प्रदेश तक संगठन लड़ेगा। सभी शिक्षकों को शिक्षण कार्य तन्मयता से करने को प्रेरित किया। वार्षिक अधिवेशन में ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी अमित कुमार पाण्डेय की टीम का आभार जताया। जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी ने शिक्षकों को भयमुक्त होकर शिक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में पिरामिल फाउंडेशन टीम ने भी शिक्षकों को शिक्षण कार्य को प्रेरित किया। संचालन अशोक त्रिपाठी ने किया। मुख्य सचेतक अशोक त्रिपाठी, ब्लाक कर्वी अध्यक्ष देव यादव, मंत्री मनीष शुक्ला, रामनगर अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, मानिकपुर मंत्री श्रीपाल कबीर, जिला कार्य समिति से सुशील पाण्डेय, विजय शुक्ला, कमलेश कुशवाहा, प्रियंका शुक्ला, पारसनाथ, सैय्यद अली, ब्लाक कार्यसमिति से मंत्री अमित यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री मनोज शुक्ला, रामभूषण पाण्डेय, अखिलेश द्विवेदी, अरविन्द तिवारी, प्रमोद कुमार, श्रवण त्रिपाठी, अरविन्द गौतम, शिवसहाय, अमित मिश्र, संघर्ष समिति अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, मंत्री गोविन्द सिंह, राजेश कुमार पाल, राजेश कुमार, राजवर्धन सिंह, अरविंद तिवारी

## तमंचा समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने मनीष कुमार पुत्र स्व सुखलाल निवासी झन्नापुरवा मजरा कौबरा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस तथा मिश कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही महेन्द्र कुमार व तिलक राज शामिल रहे।

## आज होगा दलित गौरव संवाद


**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि तीन नवम्बर को दलित गौरव संवाद मानिकपुर विधानसभा के रामनगर ब्लॉक में होगा। सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष/पूर्व मंत्री अजय राय शामिल होंगे। तैयारी को पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, मोहन विश्वकर्मा, विकास द्विवेदी ने रामनगर ब्लॉक का दौराकर लोगों से संपर्क किया।

## मारपीट के आरोपी को हुआ एक हजार रुपये का जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल व पैरोकार आशोक यादव की पैरवी से विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने मारपीट के आरोपी को एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

गुरुवार को अभियोजन अधिकारी एसके यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट दीपनारायण तिवारी ने पहाड़ी थाने में दर्ज मामले के आरोपी रामदीन पुत्र राजेन्द्र तिवारी निवासी दरसेडा को एक हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

## पालीथिन-थैलियां फेंकने वाले सीसीटीवी से होंगे बेनकाब 0 बुंदेली सेना ने दूसरे दिन की मंदिरों के आसपास सफाई



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी पुल में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग बुंदेली सेना ने प्रशासन से की है। प्रदूषण के अहम कारणों में पालीथिन थैलियों में भरी पूजन सामग्री नदी पुल से लोग फेंक रहे हैं। ऐसा करने में पढ़े-लिखे जागरूक भी शामिल हैं। सीसीटीवी में जब ये लोग कैद होंगे, उन पर जुमार्ने की कार्यवाही होगी, तभी ऐसे लोग सुधरेंगे।

गुरुवार को मन्दाकिनी नदी सफाई अभियान के दूसरे दिन बुंदेली सेना ने पुलघाट कर्वी में मंदिरों के आसपास सफाई की। शुक्रवार को सीढ़ियों की काई व जमा मिट्टी निकालने का काम होगा। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नदी के प्रति लोगों की उदासीनता बनी रही तो नदी बचाना मुश्किल होगा। नदी के साथ मंदिर परिसर की भी सफाई जरूरी है। लिहाजा ऊपरी सफाई का अभियान चलाकर कई मंदिरों के आसपास की सफाई की गई। शुक्रवार को नदी घाट में नहाने वाली सीढ़ियों की सफाई काई छुड़ाने व सीढ़ियों में जमा मिट्टी -मलबे को निकालने का कार्य होगा। सफाई अभियान में नगर पालिका के सफाई नायक दुलीचंद्र की टीम शामिल रही।

## अवैध कब्जाधारकों पर चला बुलडोजर , दुबारा कब्जा पर होगा जुमार्ना: तहसीलदार



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर तकरीबन 20 वर्षों से राजकीय पॉलीटेक्निक शिवरामपुर की जमीन पर अवैध कब्जे को ध्वस्त किया।

गुरुवार को शिवरामपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक की जमीन पर कई वर्षों से कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। राजस्व टीम ने गुरुवार को अवैध कब्जा धारियों को हटा दिया है। इस बाबत डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कई लोगो ने अवैध कब्जे कर रखे थे। न्यायालय से आदेश कराकर अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार त्रिपाठी ने अवैध कब्जाधारकों को चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न करें। ऐसा करने पर कब्जेधारी को बेदखल कर जुमार्ना वसूला जाएगा। राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक सुधीर सिंह, लेखपाल माताबदल, राकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**धौलपुर, राजस्थान।** कौलारी थाना पुलिस ने देसी कट्टे और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया युवक नगला खरगपुर गांव के सरकारी स्कूल के बाहर घूम रहा था। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। कौलारी थाना प्रभारी मान सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर बदमाशों की धरपकड़ की जा रही है। जिसके तहत पुलिस को नगला खरगपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर एक युवक के अवैध हथियार के साथ होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने से पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई, जहां पुलिस की टीम को देखकर आरोपी भागने लगा।

# एंटनी ब्लिंकन और लॉयड ऑस्टिन 2+2 वार्ता के लिए इस माह आएंगे भारत,

**नई दिल्ली**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इस माह नई दिल्ली में अपने भारतीय समकक्षों विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता करेंगे। इसके लिए दोनों नेता भारत की यात्रा करेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह जानकारी दी है।

**भारत की यात्रा पर आएंगे अमेरिकी विदेश और रक्षा मंत्री**

विदेश विभाग ने बताया कि एंटनी ब्लिंकन पांच देशों की यात्रा पर जाएंगे, जिसका समापन इसी माह 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेने के लिए उनकी भारत यात्रा के साथ होगा। विदेश विभाग ने आपने एक बयान में कहा कि ब्लिंकन इजरायल, जॉर्डन, जापान, दक्षिण कोरिया और अंत में भारत का दौरा करेंगे। भारत यात्रा के दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी होंगे।



**विदेश व रक्षा मंत्री से मुलाकात करेगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल**

विदेश विभाग ने अपने बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भारत-प्रशांत में द्विपक्षीय और वैश्विक चिंताओं एवं विकास दोनों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

**इजरायल के दौरे पर रवाना होंगे ब्लिंकन**

मालूम हो कि ब्लिंकन गुरुवार को तेल अवीव के लिए रवाना हो रहे हैं। यहा वह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुरूप आतंकवाद के खिलाफ इजराइल के बचाव के अधिकार के लिए अमेरिकी समर्थन को दोहराएंगे। ब्लिंकन इस दौरान इजराइल, वेस्ट बैंक और गाजा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

# भारत, यूरोपीय संघ समेत 27 देशों ने एआई के जोखिमों पर जताई सहमति

**न्यूयॉर्क**

**भारत** समेत 27 अन्य देशों और यूरोपीय संघ ने यूनाइटेड किंगडम में एक बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए मिलकर काम करने का वचन देते हुए एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए। इस बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले जो देश शामिल थे उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चिली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इजराइल, इटली, जापान, केन्या, सऊदी, अरब, नीदरलैंड, नाइजीरिया, फिलीपींस, कोरिया गणराज्य, रवांडा , सिंगापुर, स्पेन, स्विट्जरलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड का यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ थे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कार्यालय के आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "अग्रणी एआई देश एआई सुरक्षा पर दुनिया के पहले समझौते पर पहुंचे हैं।"




**इस बैठक में 28 देशों ने लिया भाग**

यूके सरकार ने "द बैलेचले डिक्लेरेशन" शीर्षक से एक बयान जारी किया, जिस पर यूरोपीय संघ सहित 28 भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए और सबसे परिष्कृत "फ्रंटियर" आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स सिस्टम द्वारा प्रस्तुत खतरों के बारे में एक गंभीर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है, "बैलेचली पार्क घोषणा में 28 देश अवसरों, जोखिमों और फ्रंटियर एआई पर अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर सहमत हैं, जो सिस्टम सबसे जरूरी और खतरनाक जोखिम पैदा करते हैं।" बैलेचली पार्क घोषणा में आवास, रोजगार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पहुंच, न्याय जैसे दैनिक दिनचर्या के विभिन्न क्षेत्रों में एआई सिस्टम के महत्व पर भी ध्यान दिया गया और कहा गया कि उनके उपयोग में वृद्धि देखने की संभावना है।

## 68 वर्षीय भारतीय अमेरिकी जसमेर सिंह की मामूली बात पर पिटाई से चली गई थी जान, अब हमलावर पर लगा हेट क्राइम का आरोप

**न्यूयॉर्क**

भारतीय अमेरिकी जसमेर सिंह (68 वर्षीय) अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए भारत से अमेरिका आए थे। न्यूयॉर्क के क्वींस शहर के निवासी थे। 19 अक्टूबर को आरोपी गिल्बर्ट ऑगस्टिन ने उनपर हमला किया था। इस हमले में लगी चोट के कारण उनकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर ऑगस्टिन पर हेट क्राइम का आरोप लगा है। क्वींस काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी मेलिंडा काट्ज के कार्यालय के अनुसार, क्वींस निवासी 30 वर्षीय गिल्बर्ट ऑगस्टिन 19 अक्टूबर को उस नगर में गाड़ी चला रहा था, जब जसमेर सिंह की गाड़ी उससे टकरा गई जिसके बाद यह दुर्घटना हुई।

**आरोपी ने मुक्का मारकर सिंह को किया था घायल**

सीएनएन के अनुसार, अभियोजकों ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि जब दोनों ड्राइवरों के बीच विवाद बढ़ गया, तो ऑगस्टिन ने कथित तौर पर पगड़ी पहने सिंह को बार-बार "पगड़ी मैन" कहा। अभियोजकों ने कहा कि इसके बाद, ऑगस्टिन ने अंततः सिंह के सिर और चेहरे पर तीन बार मुक्का मारा जिससे जसमेर सिंह नीचे गिर गए और उसका सिर फुटपाथ पर जा लगा।

## मेक्सिको में एयर एम्बुलेंस हुई दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में चालक दल के 4 सदस्यों की मौत

**मेक्सिको सिटी**

**मध्य मैक्सिकन राज्य मोरेलोस में एक एयर एम्बुलेंस के दुर्घट**नाग्रस्त होने से चालक दल के चार सदस्यों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ये घटना अपराह्न 14:30 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) से ठीक पहले हुई।

बता दें कि टेटलामा शहर के पास एक जंगली, पहाड़ी इलाके में, टेमिक्सको मेक्सिको सिटी से लगभग 30 मील (50 किलोमीटर) दक्षिण में एक बस्ती है। सेना, नेशनल गार्ड और राज्य सुरक्षा विभागों के अधिकारियों ने दुर्घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, राज्य के नागरिक सुरक्षा विभाग ने एक्स पर रिपोर्ट दी।एक्स और फेसबुक पर पोस्ट की गई तस्वीरों में, एक पहाड़ी के किनारे जले हुए ढेर से धुआं निकलता देखा जा सकता है। अब तक दुर्घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मोरेलोस के अटॉर्नी जनरल का कार्यालय मामले की जांच कर रहा है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## चीन ने अंटार्कटिक में पांचवें केंद्र का निर्माण किया तेज, 40वीं विज्ञानी अभियान टीम भी रवाना

**बीजिंग**

चीन ने बर्फीले और संसाधन-संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। अंटार्कटिक में अपना पांचवां अनुसंधान केंद्र बनाने के लिए चीन ने 450 से अधिक कर्मियों से युक्त एक नया विज्ञानी अभियान दल भेजा है।

चीन की 40वीं अंटार्कटिक विज्ञानी अभियान टीम बुधवार को पांच माह से अधिक समय तक चलने वाले अभियान के लिए रवाना हो गई। अंटार्कटिक में भारत भी तीन स्थायी अनुसंधान केंद्र स्थापित कर चुका है।

**पांचवें केंद्र की खासियत**

सरकार द्वारा संचालित शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि टीम अभियान के दौरान रोस सागर के तटीय क्षेत्रों में नया वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र स्थापित करेगी। यह अंटार्कटिका में चीन का पांचवां अनुसंधान केंद्र होगा। नए केंद्र में तकरीबन 5,244 स्क्वायर मीटर जगह होगी। इसमें गर्मियों में अभियाल दल के 80 और सर्दियों में 30 सदस्य रह सकेंगे। यह केंद्र अंटार्कटिका के वायुमंडलीय और समुद्री पर्यावरण के साथ ही वहां की जैविक और पारिस्थितिकी स्थितियों की निगरानी और अध्ययन करेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्तमान में अंटार्कटिका महाद्वीप में 70 स्थायी अनुसंधान केंद्र हैं। ये पृथ्वी पर प्रत्येक महाद्वीप के 29 देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**RNI No: UPHIN/2001/09025**
**ऑफिस मो.: 9565333000**
**Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com**
**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# हमें अपहरण नहीं करना था... मिशन केवल हत्या करना था": हमले में शामिल हमास आतंकी का बयान

**तेल अवीव (इजरायल)**

इजरायल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। वहीं, द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, हमास का एक आतंकवादी, जो इजरायल में किबुतज कफर अजा को लूटने में शामिल था, ने कहा है कि उनका मिशन केवल हत्या करना था और उन्हें अपहरण नहीं करना था। इजरायल के शिन बेट ने बुधवार को एक हमास आतंकवादी का फुटेज जारी किया जिसमें 7 अक्टूबर के हमले के दौरान दक्षिणी इजरायल में उसके कामों के बारे में जानकारी दी गई है। द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, आतंकवादी ने आगे कहा कि उसे हर उस व्यक्ति को मारने के लिए कहा गया था जिसे उन्होंने देखा हो। उसने कहा कि (हमें कहा गया था) कि हम जो भी व्यक्ति देखें उसे मार डालें और वापस आ जाएं।



**किसी में फर्क नहीं करना जिसे देखो मार दो- हमास आतंकी**

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, जब रुशा से पूछा गया कि क्या उन्हें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के बीच कोई अंतर करने के लिए कहा गया था, तो उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था।

रुशा से जब हमले के लक्ष्य के बारे में पूछा गया और उसे अंधाधुंध हत्या करने का निर्देश क्यों दिया गया, तो उसने जवाब दिया, उन्होंने हमें बताया कि सभी बाशिंदे सैनिक थे... जिसे देखो उसे मार डालो।

इंटरव्यूवर ने रुशा से आगे पूछा कि उन्होंने तुमसे सभी को मारने के लिए कहा था? महिलाओं और बच्चों को भी?"

रुशा ने अपने जवाब में कहा कि हां। अजा रुशा ने कफर अजा में नरसंहार का वर्णन करते हुए जोर दिया, हम कफर अजा तक पहुँच गए। हम एक जीप के अंदर थे। (हमारे गाइड) ने एक विस्फोटक उपकरण का उपयोग करके कफर अजा की सीमा पर बाड़ खोल दी। उसने कहा, वह अपने दल के साथ कई घरों में घुस गए और अगर वे खाली थे तो उनमें आग लगा दी। पहले घर में आग लगाने के बाद कोई पानी की नली लेकर पीछे बगीचे की ओर निकला। (हमारी टीम के सदस्यों ने) उसे देखा, उसे गोली मार दी और उसे मार डाला। वह पहली चीज थी जो घटित हुई। दूसरे घर में अबू रुशा ने खुद ही बेडरूम में आग लगा दी। रुशा ने कहा, हम तीसरे घर में गए। अंदर एक महिला थी। हमजेह ने उसे मार डाला। उसने उसे गोली मार दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया, इसके अलावा, उसने कहा कि उसकी टीम ने एक और खाली घर की जांच की और पांचवें घर में चले गए, जहां वे लगभग 90 मिनट तक रहे।

फिर, तीन बाशिंदे हमारी ओर आए। इस दौरान गोलीबारी हुई जिसमें अबू रुशा ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके साथियों ने हथगोले फेंके। रुशा ने कहा, "इसके बाद शूटिंग रुक गई।" इसके बाद, वे बागों में चले गए और लगभग दो घंटे तक पेड़ों में छिपे रहे।

## शरणार्थी शिविर पर इजरायल के हमलों में 195 से अधिक लोगों की मौत



**गाजा/जेरूसलम**

इजरायल और हमास के बीच लगातार युद्ध बढ़ता जा रहा है। इस युद्ध के दौरान अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, कई लोग गाजा पट्टी को छोड़ कर दूसरी जगहों पर विस्थापित हुए हैं।

वहीं, गुरुवार को गाजा पट्टी को छोड़ने के लिए और भी कई विदेशी लोग तैयार हो गए हैं। हमास द्वारा संचालित सरकार ने कहा कि जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायल के हमलों में कम से कम 195 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

**विदेशी नागरिकों ने किया मिस्त्र में प्रवेश**

500 लोगों की सूची में कम से कम 320 विदेशी नागरिक, साथ ही दर्जनों गंभीर रूप से घायल गजावासी, इजरायल, मिस्त्र और हमास के बीच एक समझौते के तहत बुधवार को मिस्त्र में प्रवेश कर गए।

ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, चेक गणराज्य, फिनलैंड, इंडोनेशिया, इटली, जापान, जॉर्डन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के पासपोर्ट धारक निकासी में थे। गाजा सीमा अधिकारियों ने कहा कि सीमा पार करना गुरुवार को फिर से खोल दिया जाएगा ताकि अधिक विदेशी बाहर निकल सकें। एक राजनयिक सूत्र ने कहा कि लगभग 7,500 विदेशी पासपोर्ट धारक लगभग दो सप्ताह में गाजा छोड़ देंगे। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल में इस्लामी समूह के सीमा पार हमले के बाद हमास को खत्म करने के अपने अभियान में इजरायल ने हमास के आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करते हुए जमीन, समुद्र और हवा से गाजा पर बमबारी की है। इजरायल ने कहा कि हमास ने 1,400 लोगों को मार डाला है, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया।

# युद्ध के बाद गाजा में हमास के शासन की वापसी असंभव, अमेरिका ने इजरायल के हमले को ठहराया सही




**यरुशलम**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल-हमास युद्ध को लेकर गुरुवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फलिस्तीनी प्राधिकरण की वापसी सबसे ज्यादा मायने रखती है। अमेरिकी सीनेट की सुनवाई में बोलते हुए ब्लिंकन ने कहा कि गाजा पर हमास के शासन में वापसी नहीं हो सकती।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में क्षेत्र पर स्थायी इजरायली कब्जे से भी इनकार किया, जिसे इजरायल भी कहता है कि वह नहीं चाहता है। अमेरिकी सीनेट में उनसे सवाल किया गया था कि हमास के खिलाफ इजरायल के विनाशकारी युद्ध के बाद गाजा पट्टी पर शासन कौन करेगा?

**फलिस्तीनी प्राधिकरण के पास हो गाजा की जिम्मेदारी**

उन्होंने कहा, "कुछ बिंदु पर, जो सबसे अधिक सार्थक होगा, वह यह है कि एक प्रभावी और पुनर्जीवित फलिस्तीनी प्राधिकरण के पास शासन और अंततः गाजा के लिए सुरक्षा जिम्मेदारी हो।" हालांकि, वह यह बताने में असफल रहे कि कमजोर और अपने ही लोगों के बीच बेहद अलोकप्रिय फलीस्तीनी प्राधिकरण पहले ही कह चुका है कि अगर उसे इजरायल से मदद मिलती है, तो उसे सत्ता संभालने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

उन्होंने कहा कि इसमें कुछ समय लग सकता है और क्षेत्र के अन्य देशों से समर्थन की आवश्यकता होगी। इसके बाद उन्होंने इजरायल और फलिस्तीनियों के बीच 'दो-राज्य समाधान' बनाने के प्रयासों को पुनर्जीवित करने के राष्ट्रपति जो बाइडन के घोषित लक्ष्य को दोहराया।

**2007 से गाजा पर हमास का शासन**

मजबूत अमेरिकी समर्थन के साथ इजराइल ने दो स्पष्ट लक्ष्य परिभाषित किए हैं: सभी बंधकों को घर लाना और इस्लामी आतंकवादी समूह हमास को नष्ट करना, जिसने 2007 में फलिस्तीनी प्राधिकरण को हटाने के बाद से गाजा पर शासन किया है। भले ही इन कठिन-से-प्राप्त लक्ष्यों को साकार कर लिया जाए, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि न तो इजरायल और न ही अमेरिका ने इस पर ज्यादा विचार किया है कि गाजा का आगे क्या होगा?अधिकारियों ने कई विचार पेश किए हैं - जिनमें से प्रत्येक की सफलता की संभावना कम है - यह स्वीकार करते हुए कि युद्ध समाप्त होने के बाद इस क्षेत्र के लिए किसी के पास कोई योजना नहीं है।